दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-48 सीहोर,रविवार 05 अप्रैल 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## हिंसा रोकने के लिए आयोग सख्त, पश्चिम बंगाल में तैनात रहेंगी केंद्रीय बलों की 500 कंपनियां



कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्वाचन आयोग ने एक अभूतपूर्व फैसला लिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव नतीजे आने के बाद भी कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 500 कंपनियां राज्य में तैनात रहेंगी। यह तैनाती आयोग के अगले आदेश तक जारी रहेगी, ताकि मतगणना के बाद संभावित राजनीतिक हिंसा को पूरी तरह से रोका जा सके। प्रत्येक कंपनी में लगभग 80 से 100 जवान शामिल होते हैं, जो राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चुनावी प्रक्रिया को हिंसा, डर और प्रलोभन से मुक्त रखा जाए। पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद होने वाली हिंसा के पिछले इतिहास को देखते हुए आयोग इस बार कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। गौरतलब है कि 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई व्यापक हिंसा पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए थे। उस समय लगभग 1,970 शिकायतें दर्ज हुई थीं, जिनमें हत्या, यौन उत्पीड़न और आगजनी जैसे संगीन मामले शामिल थे।

निर्वाचन आयोग ने न केवल सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई है, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर भी कड़ी कार्रवाई की है। आयोग ने राज्य सरकार द्वारा चुनाव से ठीक पहले 832 सत्ताधारी दल के नेताओं को दी गई विशेष वीआईपी सुरक्षा की समीक्षा करने और सुरक्षाकर्मियों का सभी दलों के बीच समान वितरण करने का आदेश दिया है।


## प्रदेश में अगले 24 घंटों में भोपाल-ग्वालियर सहित 45 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

### 7 अप्रैल तक एक्टिव रहेंगे चक्रवाती सिस्टम

भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश में मौसम पूरी तरह बदला हुआ है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ सिस्टम के असर से प्रदेश में लगातार चौथे दिन भी आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए भोपाल और ग्वालियर सहित 45 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक, प्रदेश के मध्य हिस्से से एक टर्फ लाइन गुजर रही है, जबकि दूसरी ऊपरी स्तर पर सक्रिय है। इसके साथ ही पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में दो चक्रवाती सिस्टम भी बने हुए हैं। इन सभी सिस्टम के संयुक्त प्रभाव से रोजाना 30 से 35 जिलों में मौसम बदल रहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सादगी ने जीता वाराणसी के लोगों का दिल

### स्थानीय व्यंजन का चखा स्वाद, दुकानदार और जनता से किया संवाद



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार सुबह वाराणसी के श्रीराम भंडार में स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया। उनकी सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया। उन्हें अपने बीच पाकर स्थानीय लोगों को यकीन ही नहीं हुआ। लोग उनसे मिलकर उत्साहित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सादगी देख प्रभावित हुए और मुक्त कंठ से प्रशंसा की। शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव का काफिला जब एयरपोर्ट की ओर जा रहा था, तभी वे मिंट हाउस स्थित श्रीराम भंडार पर अचानक रुक गए। यहां उन्होंने बनारस की मशहूर कचौड़ी, पूरी-राम भाजी ,जलेबी और लस्सी का स्वाद चखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत के हर प्रांत और शहर की अपनी विशिष्ट खान-पान की शैली होती है , जो वहां की पहचान होती है। स्थानीय स्वाद और पारंपरिक व्यंजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सहज और सरल व्यवहार ने आम लोगों का दिल जीत लिया। स्थानीय लोगों ने भी उनसे मुलाकात कर खुशी जाहिर की और उनके इस अंदाज की सराहना की। कई लोगों ने उनसे बातचीत भी की। लोगों का कहना था कि डॉ. मोहन यादव से मिलकर ये लगा ही नहीं कि वे किसी मुख्यमंत्री से बात कर रहे हैं।

## अगर चुनाव कराने वाले ही नेताओं पर निर्भर हो जाएं तो', सवैधानिक संस्थाओं की आजादी पर एससी का बड़ा बयान

पटना ,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने देश की अहम संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। शनिवार को उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनाव आयोग



जैसी संस्थाओं को पूरी तरह से स्वतंत्र होकर काम करना चाहिए और उन पर किसी भी तरह की राजनीतिक प्रतिक्रिया या दबाव का असर बिल्कुल नहीं पड़ना चाहिए। पटना के चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मारक व्याख्यान देते हुए जस्टिस नागरत्ना ने चुनावी प्रक्रिया और राजनीतिक नियंत्रण को लेकर कई गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।अधिकारों से परे संविधानवाद के विषय पर अपने विचार रखते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि चुनाव आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) और वित्त आयोग जैसी अहम संस्थाओं का डिजाइन एक जैसा ही है। ये संस्थाएं बाहरी प्रभावों से मुक्त और विशेषीकृत हैं। इन्हें ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की देखरेख का जिम्मा सौंपा गया है, जहां निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सामान्य राजनीतिक प्रक्रियाएं शायद काफी न हों।

## गैस की किल्लत से बचने के लिए चोरों की करतूत, दिनदहाड़े घर से चुरा ले गए भरा हुआ सिलेंडर

पटना,(आरएनएस)। राजधानी पटना में एलपीजी गैस की किल्लत का असर अब आम आदमी के साथ-साथ चोरों पर भी साफ दिखने लगा है। खाना बनाने के लिए गैस एजेंसियों के बाहर लगी लंबी-लंबी कतारों से बचने के लिए चोरों के गिरोह ने अब एक नया और हैरान करने वाला रास्ता निकाल लिया है। पटना के मेंहदीगंज थाना क्षेत्र में चोरों ने दिनदहाड़े एक घर में घुसकर भरा हुआ गैस सिलेंडर ही पार कर दिया। यह पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। ऐसे समय में जब आम लोग गैस के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं, सिलेंडर चोरी की इस घटना ने इलाके के लोगों को चौंका दिया है और अब वे अपने सिलेंडरों की सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गए हैं। यह अजीबोगरीब चोरी गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ के पास रहने वाली एक महिला एडवोकेट के घर पर हुई।

## ईरान से तेल कार्गो के डायवर्जन की खबरें गलत, सरकार ने दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बताया

नई दिल्ली,(आरएनएस)। केंद्र सरकार ने शनिवार को उन खबरों और सोशल मीडिया दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण ईरान का कच्चा तेल भारत के वाडिनार से चीन भेज दिया गया। सरकार ने इन दावों को 'तथ्यात्मक रूप से गलत' और भ्रामक बताया है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि हाल ही में आई रिपोर्ट्स, जिनमें कहा गया कि भारत को भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण ईरान से आने वाले तेल की एक खेप को नुकसान हुआ, पूरी तरह गलत हैं।

सरकार ने कहा कि भारत 40 से ज्यादा देशों से कच्चा तेल आयात करता है और तेल कंपनियों को अपने व्यावसायिक जरूरतों के अनुसार किसी भी सप्लायर से तेल खरीदने की पूरी स्वतंत्रता होती है।



मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, ईरानी कच्चे तेल के एक कार्गो को भारत के वाडिनार बंदरगाह से 'भुगतान संबंधी समस्याओं' के कारण चीन की ओर मोड़े जाने की खबरें और सोशल मीडिया पोस्ट तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह गलत हैं।

पोस्ट में आगे कहा गया है, भारत 40 से अधिक देशों से कच्चे तेल का आयात करता है, जिसमें कंपनियों को व्यावसायिक विचारों के आधार पर विभिन्न स्रोतों और भौगोलिक क्षेत्रों से तेल प्राप्त करने की पूरी छूट है।

यह स्पष्टीकरण उन रिपोर्ट्स के बाद आई है, जिनमें दावा किया गया था कि अमेरिकी प्रतिबंधों के तहत प्रतिबंधित एक टैंकर, जिसका नाम 'पिंग शुन' है और जो ईरानी कच्चे तेल को ला रहा था, ने गुजरात के वाडिनार से अपना मार्ग बदलकर चीन के डोंगयिंग की ओर कर लिया।

शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, जहाज पहले भारत की ओर आ रहा था, लेकिन बाद में उसने अपनी मंजिल बदल ली, जिससे यह अटकलें लगाई जाने लगीं कि भुगतान की समस्या के कारण ऐसा हुआ।

कुछ बाजार विश्लेषकों ने यह भी कहा था कि सख्त भुगतान शर्तें इस बदलाव की वजह हो सकती हैं।

## बिना इंजन के अचानक पटरी पर दौड़ने लगा ट्रेन का भारी-भरकम डिब्बा, लालकुआं स्टेशन पर बड़ा हादसा टला



लालकुआं, (आरएनएस)। लालकुआं जंक्शन रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। स्टेशन की पिट लाइन में मरम्मत कार्य के दौरान ट्रेन के पीछे लगने वाला जनरेटर और गार्ड कोच अचानक बिना इंजन के ही ढलान की ओर दौड़ने लगा। बेकाबू डिब्बा करीब 150 मीटर दूर जाकर पटरी से उतर गया। इस खौफनाक नजारे को देखकर मौके पर मौजूद रेल कर्मचारियों की सांसें अटक गईं और स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।यह हैरान करने वाली घटना शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे की है। उस समय रेलवे की पिट लाइन में कोच की मरम्मत का काम अपनी रूटीन के हिसाब से चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इसी दौरान भारी-भरकम कोच अचानक धीरे-धीरे ढलान की तरफ खिसकने लगा। डिब्बे को बिना इंजन के अपनी तरफ इस तरह आते देख वहां मौजूद रेल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और वे किसी अनहोनी की आशंका से घबरा गए।अपनी आंखों के सामने बेकाबू कोच को ढलान की ओर जाता देख रेलवे कर्मचारियों ने उसे रोकने के लिए उसके पीछे दौड़ लगा दी। उन्होंने आनन-फानन में पहियों के नीचे व्हील चॉक (गुटका) लगाकर उसे रोकने की पूरी कोशिश की, लेकिन वजन और ढलान के कारण कोच उनके काबू में नहीं आ सका।

## उत्तर प्रदेश में आईएसआई से जुड़े गिरोह का भंडाफोड़, निशाने पर थे रेल सिग्नल; 4 गिरफ्तार

लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस ने लखनऊ रेलवे स्टेशन से 4 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इनका संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से बताया जा रहा है। कथित तौर पर ये लखनऊ रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक रेलवे सिग्नल बॉक्स को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। आरोप है कि गिरोह का सरगना पाकिस्तान में बैठे आईएसआई हैंडलर के सीधे संपर्क में थे।



गिरफ्तार किए गए लोगों में साकिब उर्फ डेविल (25 वर्ष), मेरठ के अगवानपुर का रहने वाला अरबाब (20 वर्ष), मेरठ का विकास गहलावत उर्फ रौनक (27 वर्ष), गौतम बुद्ध नगर का लोकेश उर्फ पपला पंडित (19 वर्ष) शामिल हैं। जांच में सामने आया है कि ये आरोपी पिछले 3 महीनों से सक्रिय थे और खास लोगों की आवाजाही समेत अहम स्थानों की जानकारी जुटाकर अपने हैंडलर्स को दे रहे थे।

कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ये लोग लखनऊ रेलवे स्टेशन के पास सिग्नल बॉक्स को उड़ाने की योजना बना रहे थे, जिससे रेल यातायात बाधित हो और रेल दुर्घटना हो सके। आरोपी गैस सिलेंडर ट्रकों और शोरूम में आगजनी कर अफरा-तफरी फैलाना चाहते थे। विकास और लोकेश नोएडा में रहकर नेताओं, प्रतिष्ठित संस्थानों और संवेदनशील ठिकानों की रेकी कर रहे थे।

## चीनी सीसीटीवी के मामले में नागरिकों की सुरक्षा जोखिम में डाल रही है मोदी सरकार: राहुल



नई दिल्ली,(आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने और जरूरी जगहों पर लगे चीनी कैमरों के जरिए विदेशी निगरानी की सच्चाई को छिपाने की कोशिश करके हर भारतीय की सुरक्षा को खतरे में डाल रही है.उन्होंने फेसबुक पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, यह भारत को अंधेरे में रखने की एक सोची-समझी साजिश है. गांधी ने कहा कि सरकार ने हाल ही में चीनी सीसीटीवी कैमरों के पब्लिक इस्तेमाल पर बैन लगा दिया है. उन्होंने कहा, फिर भी सरकारी इमारतों के अंदर चीनी कैमरे लगे हुए हैं.बैन किए गए चीनी ऐप्स बदले हुए नामों से फिर से सामने आ रहे हैं. विदेशी एआई प्लेटफॉर्म सेंसिटिव डेटा प्रोसेस कर रहे हैं और सरकार के पास इस बारे में कहने के लिए बिल्कुल कुछ नहीं है. लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि उन्होंने ये सवाल संसद में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय से पूछे थे।

## ड्राइवर ने खोया कंट्रोल और कुएं में गिरी कार, 6 बच्चों समेत एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत



नासिक(आरएनएस)। महाराष्ट्र के नासिक में बड़ा हादसा हो गया। शहर के शिवाजीनगर इलाके में रात करीब 10 बजे सड़क किनारे बने कुएं में कार गिरने से एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत हो गई। इस घटना से पूरे डिंडोरी तालुका में मातम पसर गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।मिली जानकारी के मुताबिक, शिवाजीनगर के राजे बैंक्वेट हॉल में वडजे क्लासेस की तरफ से एक मीटिंग रखी गई थी। मीटिंग के लिए इंदौर (ताल. डिंडोरी) से दरगोड़े परिवार आया था। मीटिंग के बाद दरगोड़े परिवार अपनी मारुति एक्सएल कार से घर लौट रहे था, तभी ड्राइवर का कंट्रोल खो गया।

## गुरुग्राम में जमीन सौदा केस: रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दर्ज मामले में फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लांड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा को बतौर आरोपी समन जारी करने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है. स्पेशल जज सुशांत चंगोट्रा ने 15 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया. सुनवाई के दौरान रॉबर्ट वाड्रा ने कहा है कि उसके खिलाफ मनी लाऊंड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है.रॉबर्ट वाड्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर कोर्ट को संज्ञान नहीं लेना चाहिए. कोर्ट ने 2 अगस्त 2025 को वाड्रा समेत इस मामले के दस आरोपियों को समन जारी किया था।

## केरल में शशि थरूर के काफिले पर हमला

### गाली-गलौज के बाद गनमैन की बेरहमी से पिटाई; पुलिस एक्शन से मचा हड़कंप



मलप्पुरम (आरएनएस)। केरल के मलप्पुरम जिले में कांग्रेस के दिग्गज नेता और सांसद शशि थरूर के काफिले पर हमले की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यह वारदात रात उस समय हुई जब थरूर वांडूर के चेल्लितोडु इलाके में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। खबर है कि कुछ अज्ञात हमलावरों ने न सिर्फ सांसद की गाड़ी को बीच रास्ते में रोका, बल्कि उनके गनमैन के साथ जमकर गाली-गलौज की और बाद में उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया है और पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में यह बात निकलकर सामने आई है कि यह पूरा विवाद मामूली बात से शुरू हुआ जो देखते ही देखते हिंसक हमले में बदल गया। बताया जा रहा है कि जिस समय शशि थरूर की कार ट्रैफिक में फंसी थी, उनके ड्राइवर ने आगे निकलने के लिए हॉर्न बजाया था। इस बात से वहां मौजूद कुछ लोग इस कदर भड़क गए कि उन्होंने ड्राइवर और सांसद पर हमला करने की कोशिश की। आरोप है कि हमलावरों ने काफी दूर तक शशि थरूर की कार का पीछा किया और फिर उसे आगे से घेरकर रास्ता रोक लिया। जब उपद्रवियों ने सांसद के साथ बदसलूकी करने की कोशिश की, तो सुरक्षा में तैनात गनमैन ने उन्हें बचाने के लिए बीच-बचाव किया, जिसके बाद उन लोगों ने गनमैन को ही अपना निशाना बना लिया और उसे पीटना शुरू कर दिया। इस हमले के तुरंत बाद गनमैन ने वांडूर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिस पर एक्शन लेते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।





## अवैध रेत खनन एवं परिवहन पर की गई कार्रवाई

### 04 जेसीबी, 02 पोकलेन, 02 लोडर सहित 02 ट्रैक्टर ट्रॉली और 01 पनडुब्बी ट्रेक्टर जब्त



सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह, एसडीओपी रोशन जैन और खनिज विभाग के दल द्वारा 03 अप्रैल को भैरूंदा में अवैध रेत उत्खनन तथा परिवहन पर कार्रवाई की गई। इस दौरान रॉयल्टी प्रस्तुत नहीं करने पर रेत से भरे हुए 02 ट्रैक्टर-ट्राली जब्त किए गए, जिन्हें भैरूंदा थाने की अभिरक्षा में दिया गया है इसी प्रकार ग्राम सीलकंठ में नर्मदा नदी के किनारे अवैध रेत उत्खनन तथा परिवहन करते पाए जाने पर 03 जेसीबी, 02 पोकलेन, 01 लोडर मशीन और 01 पनडुब्बी ट्रैक्टर जब्त किए गए।

इसी प्रकार ग्राम चोरसाखेड़ी में 01 जेसीबी और 01 लोडर मशीन जब्त कर गोपालपुर थाने की अभिरक्षा में दी गई। यह कार्रवाई भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह, एसडीओपी रोशन जैन, तहसीलदार सौरभ शर्मा, खनिज निरीक्षक सुश्री खुशबू वर्मा, नायब तहसीलदार रामदास गोरले, पटवारी राजेश धनवारे, जितेंद्र सिकरवार, अविनाश कदम, मोहन नागर, नीलेश राठौर, तोपसिहं सहित राजस्व, खनिज एवं पुलिस के दल द्वारा की गई।



# संक्षिप्त समाचार

## भोपाल में 6 साल की बच्ची से बैड टच, आरोपी गिरफ्तार, गुस्साई जनता ने सड़क किया जाम

भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के अरेरा हिल्स इलाके में रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित कन्या भोज के दौरान एक 6 साल की मासूम बच्ची के साथ अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। इस घटना ने पूरे इलाके में आक्रोश और भय का माहौल पैदा कर दिया है। परिजनों के अनुसार, रामनवमी के दिन करीब 6 वर्षीय आरोपी ने मासूम को बहाने से अपने घर बुलाया और उसके साथ बैड टच जैसी घिनौनी हरकत की। बच्ची ने अगले दिन हिम्मत जुटाकर परिवार को पूरी बात बताई, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत अरेरा हिल्स थाने में शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने बच्ची के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है। घटना के विरोध में शनिवार को बड़ी संख्या में महिलाएं अरेरा हिल्स थाने पहुंचीं और जोरदार प्रदर्शन किया। गुस्साई महिलाओं ने थाने का घेराव करते हुए आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। गुस्साई महिलाएं थाने के सामने वाली मुख्य सड़क (रोशनपुरा से जहांगीरबाद जाने वाली सड़क) पर भी बैठ गईं और ट्रैफिक जाम कर दिया। थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि कन्या भोज के दौरान आरोपी ने बच्ची को बुलाकर घटना को अंजाम दिया। बच्ची के बयान के आधार पर तुरंत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। महिलाओं ने थाना प्रभारी से मांग की कि आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने बुलडोजर कार्रवाई और फांसी की सजा की मांग को लेकर नारेबाजी भी की।

## शराब पार्टी कर रहे युवकों को चाकू की नोंक पर लूट करने वाले बदमाश गिरफ्तार

### - बदमाशो ने बनाया था वारदात का वीडियो, वायरल होने पर पहुंच गये जेल

भोपाल(ए.)। गोविंदपुरा इलाके में स्थित भेल के खाली खंडहरनुमा मकानो में शराब पार्टी कर रहे युवकों के साथ चाकू की नोक पर कर लूटपाट करने वाले दोनों बदमाशों की पहचान जुटाकर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। घटना एक महीने पुरानी बताई जा रही है। इसके वीडियो वॉयरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक फरियादी कुनाल त्रिपाठी और गौरव मीणा 18 मार्च की देर शाम भेल के खंडहरनुमा मकान में शराब पार्टी कर रहे थे। उसी समय दो बदमाश वहॉ आए और चाकू अड़ाकर मोबाइल फोन, नकदी सहित अन्य सामान लूट लिए। घटना के दौरान एक बदमाश मोबाइल से उनका वीडियो बना रहा था। बदमाशो के डर के कारण पीड़ित युवको ने तो इसकी शिकायत नहीं की लेकिन अपनी दहशत फैलाने के लिये आरोपियो ने खुद ही घटना का वीडियो वायरल कर दिया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियो की पहचान पूरब शुकरवारे उर्फ़ बच्चा पिता मुकेश शुकरवारे (21) निवासी बाणगंगा हसनात नगर कालीमंदिर, श्यामला हिल्स और आशीष खलको उर्फ़ मार्टिन पिता रणजीत खलको (24) निवासी अन्ना नगर, गोविन्दपुरा के रूप में की, जिसे इलाके में बच्ची नाम से भी जाना जाता है। जबकि दूसरे आरोपी की पहचान मार्टिन के नाम से हुई। पुलिस ने पुलिस ने दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर शुक्रवारा मार्केट से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटा हुआ मोबाइल, नगदी और बाइक बरामद की है। पुलिस ने बताया की आरोपी बच्चा उर्फ पिस्टल आदतन अपराधी है।

## किशोरी व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम में रेडक्रॉस ने बांटी स्वच्छता किट

भोपाल (ए.)। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा सेवा भारती के सुभाष मंडल, भोपाल के सहयोग से आयोजित किशोरी व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम में किशोरियों को स्वच्छता किट वितरित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किशोरियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेडक्रॉस के राज्य शाखा चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे (आईएएस, सेवानिवृत्त) रहे। उनके साथ सेवा भारती महानगर अध्यक्ष शिव मंगल सिंह, विभाग समन्वयक करण कौशिक तथा सुभाष मंडल अध्यक्ष ताराचंद्र जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात डॉ. कुमरे ने उपस्थित किशोरियों (निवेदिता बहनों) को सोशल मीडिया के सुरक्षित और सकारात्मक उपयोग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया का सही उपयोग देश और समाज के हित में कैसे किया जा सकता है, साथ ही परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सकारात्मक भूमिका निभाने पर भी जोर दिया। इस दौरान किशोरियों को विभिन्न सामाजिक एवं नैतिक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिससे उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में मदद मिल सके। कार्यक्रम के अंत में रेडक्रॉस द्वारा सभी प्रतिभागी किशोरियों को हाइजीन (स्वच्छता) किट वितरित की गई। इस पहल से स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।


## भोपाल में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता, अव्यवस्थाओं पर प्रशासन सख्त

### एडीएम श्री पांडेय ने गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण, कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

भोपाल (निप्र)। भोपाल में एलपीजी को लेकर सामने आ रही अव्यवस्थाओं और गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों की खबरों के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। प्रशासन ने गैस एजेंसियों पर सख्ती शुरू करते हुए निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में अपर जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) सुमित पांडेय ने शहर की विभिन्न गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर एलपीजी के मौजूदा स्टॉक और डिलीवरी व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने एजेंसियों पर मौजूद उपभोक्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और एजेंसी संचालकों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एडीएम श्री पांडेय ने स्पष्ट किया कि भोपाल में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और आम नागरिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई गैस एजेंसी मनमानी, कालाबाजारी या कृत्रिम कमी पैदा करते हुए पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए हैं ताकि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सके और किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति न बने।

# अंतरिक्ष उपलब्धियां और सफलताएँ देश की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव डोंगला में खगोल विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान पर आयोजित सत्र में हुए शामिल




भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन महाकाल : द मास्टर ऑफ टाइम के दूसरे दिन उज्जैन जिले की वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला, डोंगला में ''भारत में खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान का वर्तमान और भविष्य विषय पर आयोजित सत्र में सहभागिता की। सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. यादव, देश की अंतरिक्ष उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत जानकारियों को अत्यंत रोचक बताते हुए भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 जैसी सफलताओं पर देश के वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियाँ युवाओं को विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। सत्र में प्रो. अनिल भारद्वाज, निदेशक, फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी (PRL), अंतरिक्ष विभाग, अहमदाबाद ने चंद्रयान-3 मिशन की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि विक्रम लैंडर की सफल सॉफ्ट लैंडिंग भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि रही। इसके साथ भारत चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में पहुँचने वाला विश्व का पहला देश बना। इस मिशन की सफलता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने बताया कि प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा की सतह पर महत्वपूर्ण वैज्ञानिक अध्ययन किए और इस लैंडिंग स्थल को शिव शक्ति पॉइंट नाम दिया गया। साथ ही उन्होंने चंद्रयान-4 (लूनर सैंपल रिटर्न मिशन), चंद्रयान-5 (LUPEX - भारत-जापान संयुक्त मिशन), वीनस ऑर्बिटर मिशन और मंगल लैंडर मिशन और वर्ष 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने की भारत की महत्वाकांक्षी योजनाओं की भी जानकारी दी। सत्र में डॉ. तरुण पंत, निदेशक, स्पेस फिजिक्स लेबोरेटरी, विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर, तिरुवनंतपुरम ने आयनोस्फियर एवं ऊपरी वायुमंडल की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अंतरिक्ष की गतिविधियाँ पृथ्वी के वातावरण और जलवायु को प्रभावित करती हैं और इनका अध्ययन अंतरिक्ष विज्ञान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान पर हुआ मंथन

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन महाकाल : द मास्टर ऑफ टाइम के दूसरे दिन आयोजित ''खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी में प्रगति'' एवं ''विकसित भारत के लिए स्पेस इकोनॉमी = राष्ट्र की सेवा में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी'' सत्रों में खगोल विज्ञान, अंतरिक्ष अनुसंधान, राष्ट्रीय सुरक्षा, स्पेस इकोनॉमी और भारतीय ज्ञान परंपरा के वैज्ञानिक आयाम, विज्ञान-अध्यात्म के समन्वय पर विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए।

### अंतरिक्ष तकनीक राष्ट्रीय सुरक्षा का मजबूत आधार

नीति आयोग के सदस्य (विज्ञान) डॉ. वी.के. सारस्वत ने भारत की रक्षा के लिए अंतरिक्ष आधारित रणनीतियाँ विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरिक्ष तकनीक आज विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा का भी महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सूरज कुण्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाने की चली मुहिम



भोपाल (निप्र)। जल संरक्षण व संवर्धन के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार सम्पूर्ण प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं को संरक्षित करने एवं संवारने का कार्य किया जा रहा है। ग्वालियर दुर्ग पर स्थित ऐतिहासिक सूरज कुण्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नेतृत्व में शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, गुरुद्वारा प्रबंध समिति के सदस्यों और नागरिकों ने सूरज कुण्ड की सफाई का कार्य विशेष अभियान चलाकर किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के नेतृत्व में सूरज कुण्ड की काई को साफ करने के लिये सभी लोगों ने मिल-जुलकर प्रयास किए। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के नेतृत्व में निगम का अमला मय संसाधनों के विशेष सफाई अभियान में लगा रहा।



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट की।**

## पशुओं में नस्ल सुधार का कार्य बेहतर ढंग से करें : प्रमुख सचिव श्री उमराव

भोपाल (ए.)। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव औचक भ्रमण पर जबलपुर पहुंचे। यहां पर पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय सभागार में पशु चिकित्सकों के साथ बैठक की। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर जबलपुर राघवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। प्रमुख सचिव श्री उमराव ने बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के प्रकरणों में विस्तार से एक-एक पशु चिकित्सक से विस्तृत चर्चा कर लंबित प्रकरण बैंकों से स्वीकृत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के अंतर्गत चयनित क्षीरधारा ग्रामों में चलाई जा रही गतिविधियों एवं दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान पर भी चर्चा की।

## इंदौर के डायल-112 हीरोज रात्रि गश्त के दौरान घायल मिले व्यक्ति को त्वरित सहायता से पहुँचाया अस्पताल



भोपाल (ए.)। इंदौर जिले के थाना तेजाजी नगर क्षेत्र में डायल-112 जवानों की सतर्कता एवं संवेदनशीलता से रात्रि गश्त के दौरान सड़क किनारे घायल अवस्था में मिले एक व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुँचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया। इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र चिकित्सकीय सहायता मिल सकी। दिनांक 04 अप्रैल को थाना तेजाजी नगर क्षेत्र अंतर्गत केलोद फाटा के पास रात्रि गश्त के दौरान डायल-112 एफआरव्ही स्टाफ को सड़क किनारे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। उक्त जानकारी तत्काल राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को दी गई एवं आवश्यक सहायता हेतु कार्रवाई प्रारंभ की गई। मौके पर मौजूद डायल-112 स्टाफ आरक्षक मोहन मालवीय, आरक्षक आशीष पालीवाल एवं पायलट मोहित जाट ने तत्परता दिखाते हुए घायल व्यक्ति को बिना विलंब किए एफआरव्ही वाहन की सहायता से एम.वाय. अस्पताल, इंदौर पहुँचाया। डायल-112 जवानों की सतर्क एवं मानवीय कार्यवाही से घायल व्यक्ति को समय पर उपचार उपलब्ध हो सका। डायल-112 हीरोज श्रृंखला के अंतर्गत यह घटना दर्शाती है कि मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 सेवा आमजन की सुरक्षा एवं आपात सहायता हेतु चौबीसों घंटे सजग, संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 में एमपी ट्रांसको की ट्रांसफार्मेशन क्षमता में हुई उल्लेखनीय वृद्धि : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

भोपाल (ए.)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने अपनी स्थापित ट्रांसफार्मेशन क्षमता में वृद्धि कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत में जहां कुल स्थापित ट्रांसफार्मेशन क्षमता 81911 एमवीए थी, वहीं मार्च 2026 की स्थिति में यह बढ़कर 84293 एमवीए हो गई है। यह वृद्धि प्रदेश की बढ़ती विद्युत मांग को सुचारु रूप से पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऊर्जा मंत्री ने जानकारी दी कि इस वित्तीय वर्ष में क्षमता विस्तार के लिए एमपी ट्रांसको द्वारा कुल 35 ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए, जिनमें 11 सब-स्टेशनों की क्षमता वृद्धि तथा 21 सब-स्टेशनों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्थापना शामिल है। मंत्री श्री तोमर ने इस उपलब्धि पर एमपी ट्रांसको के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है।

### ट्रांसमिशन लाइनें हुईं 43 हजार सर्किट किलोमीटर से अधिक

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि एमपी ट्रांसको ने इस वित्तीय वर्ष में 138 सर्किट किलोमीटर नई एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइनों का निर्माण कर उन्हें ऊर्जीकृत किया है। इसके परिणामस्वरूप कंपनी की कुल ट्रांसमिशन लाइनें बढ़कर 43128 सर्किट किलोमीटर हो गई हैं।

# बीते वित्तीय वर्ष में रेल सुरक्षा बल की उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

भोपाल (निप्र)। रेल सुरक्षा बल ने रेल संपत्ति एवं यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए वित्तीय वर्ष अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। रेल सुरक्षा बल द्वारा चौबीसों घंटे सतत् कार्य करते हुए सुरक्षित माल परिवहन के साथ-साथ रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं सहायता सुनिश्चित की गई।

**प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं**

**ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते**

वर्ष 2025-26 में 720 बिछड़े/घर से भागे/अपहृत बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों/चाइल्ड लाइन आदि को सुपुर्द किया गया।

ऑपरेशन अमानत

973 यात्रियों को उनका छूटा/खोया सामान जिसकी अनुमानित कीमत 2,88,11,829 है,



सुरक्षित वापस किया गया।

**ऑपरेशन जीवन रक्षा**

33 यात्रियों/व्यक्तियों का जीवन बचाया गया।

**ऑपरेशन मेरी सहेली**

महिला सुरक्षा के तहत प्रतिदिन औसतन 110 ट्रेनों में महिला आरपीएफ स्टाफ द्वारा महिला यात्रियों को सहायता प्रदान की गई।

**रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई**

53,566 व्यक्तियों पर प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जिससे 3,81,97,940 जुर्माना वसूला गया।

**ऑपरेशन उपलब्ध**

ई-रेल टिकटों की अवैध बिक्री करने वालों पर 58 प्रकरण दर्ज कर 64 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 52,24,175 मूल्य के 3,361 ई-टिकट जब्त किए गए।

**अनाधिकृत वेंडरों पर कार्रवाई**

18,166 अनाधिकृत वेंडरों पर कार्रवाई कर 2,20,27,060 जुर्माना वसूला गया।

रेल संपत्ति चोरी के मामले

328 प्रकरणों में 635 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर ?23,09,471 मूल्य की रेल संपत्ति बरामद की गई।

**यात्री सामान चोरी**

308 आरोपियों को पकड़कर 283 प्रकरणों का खुलासा किया गया।

# जेपी हॉस्पिटल बना प्रदेश का पहला जिला अस्पताल जहां शुरू हुई वीडियो ब्रोंकोस्कॉपी जांच

## टीबी, लंग कैंसर जैसी कई अन्य गंभीर बीमारियां की हो सकेगी उच्च स्तरीय जांच

भोपाल (निप्र)। जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में शनिवार से वीडियो ब्रोंकोस्कॉपी जांच सुविधा शुरू हुई है। जेपी अस्पताल यह जांच सुविधा देने वाला प्रदेश का पहला जिला अस्पताल है। यहां पदस्थ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. अंकित तोमर द्वारा ये जांच की गई। ये जांच बेहद मंहगी है। निजी अस्पतालों में इस पर 10 से 15 हजार का खर्चा आता है। वीडियो ब्रोंकोस्कॉपी एक एडवांस प्रक्रिया है जिसमें एक पतली फ्लेक्सिबल ट्यूब (कैमरा के साथ) को नाक



या मुँह के रास्ते लंग (श्वसन नली) में डाला जाता है, ताकि अंदरूनी तौर पर direct visualization किया जा सके। सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन ने बताया कि पहले ये सुविधा केवल मेडिकल कॉलेजों तक सीमित थी। सरकार द्वारा जिला अस्पतालों में इस सेवा का विस्तार किया जा रहा है, जिसके क्रम में भोपाल के जिला अस्पताल में ये यूनिट स्थपित की गई है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि ये जांच ट्यूबरक्लोसिस, लंग कैंसर, बार-बार होने वाले इन्फेक्शन, निमोनिया, अनेक्सप्लेंड कफ या खून आना (hemoptysis) जैसी समस्याओं में बेहद उपयोगी है।

## सीजीडी संस्थाओं द्वारा किये जा रहे आवेदन और पीएनजी कनेक्शन की करें सतत मॉनीटरिंग : अपर मुख्य सचिव श्रीमती शमी

### अपर मुख्य सचिव ने की समीक्षा

भोपाल (ए.)। सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) संस्थाएँ अगले 3 माह में दिये जाने वाले पीएनजी कनेक्शन का लक्ष्य निर्धारित करें। साथ ही सीजीडी संस्थाओं द्वारा प्रतिदिन किये जा रहे आवेदन एवं उसके विरुद्ध दिये जा रहे पीएनजी कनेक्शन की सतत मॉनीटरिंग की जाये। अपर मुख्य सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने यह निर्देश सीजीडी संस्थाओं, ऑयल कम्पनी एवं जिला आपूर्ति अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में दिये। एसीएस श्रीमती शमी ने सीजीडी संस्थाओं को पीएनजी के लाभ एवं पीएनजी कनेक्शन की प्रक्रिया से संबंधित एफएक्यू तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश नोडल सीजीडी संस्था थिंक गैस को दिये। भारत सरकार के गतिशक्ति पोर्टल पर सीजीडी संस्थाओं को पाइप-लाइन अपलोड करने के निर्देश दिये गये।

## उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा से पैरा नेशनल गेम्स के विजेता खिलाड़ियों ने की भेंट

भोपाल (निप्र)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से शनिवार को वर्ष 226 में ओडीसा में आयोजित पैरा नेशनल गेम्स के विजेता खिलाड़ियों ने भेंट की। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पैरा स्पोर्ट्स के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिये राज्य स्तर पर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा को पैरा नेशनल गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धि से अवगत कराया। प्रतियोगिता में सुश्री कोमल और सुश्री कनक ने गोल्ड मेडल, सुश्री शांति ने सिल्वर मेडल और अर्पित ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया है। इस दौरान वर्किंग प्रेसीडेंट पैरा स्पोर्ट्स एसोशिएशन डॉ. विवेक सिंह परिहार, डॉ. अनिल कुमार अग्रहरी और श्री शाहिद सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश पुलिस की पहल से युवाओं के सपनों को मिली उड़ान

### 'छिंदवाड़ा के दिशा लर्निंग सेंटर' से 17 अभ्यर्थियों का सुरक्षा बलों में चयन

भोपाल (ए.)। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा एवं उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ विनीत कपूर के मार्गदर्शन में प्रदेश के प्रत्येक जिले एवं बटालियन में संचालित दिशा लर्निंग सेंटर के माध्यम से दी जा रही निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण फिजिकल ट्रेनिंग जिले के युवाओं को निरंतर सफलता की ओर अग्रसर कर रही है। यह पहल न केवल युवाओं के आत्मविश्वास को सशक्त कर रही है, बल्कि उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए भी प्रेरित कर रही है। इसी राज्य स्तरीय 'दिशा लर्निंग सेंटर' कार्यक्रम के अंतर्गत छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा युवाओं को दी जा रही निःशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। पुलिस लाइन छिंदवाड़ा में संचालित इस केंद्र के माध्यम



से अभ्यर्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न सुरक्षा बलों में चयन प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के अंतर्गत कुल 17 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जिनमें 11 अभ्यर्थी रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (RPF) में तथा 6 अभ्यर्थी SSC GD के माध्यम से बीएसएफ, सीआईएसएफ एवं सीआरपीएफ में चयनित हुए हैं। चयनित अभ्यर्थियों में लोकेश सरियाम, ऋतिक सोनी, सत्येंद्र बालवंशी, अंकित धुर्वे, सुश्री कामिनी परतेती एवं सुश्री साधना पहाड़े ने स्स्ट लष्ठ के तहत विभिन्न अर्धसैनिक बलों में सफलता प्राप्त की है, जबकि मनोज वानखेड़े, दिलीप साहू, अभिषेक सोलंकी, अभिषेक सूर्यवंशी, कुलदीप कुमार, राहुल रघुवंशी, कैलाश वनेश्वर, रंजीत साहू, राम घोटे, निकेत साहू एवं सुश्री भावना फकारे का चयन RPF कॉन्स्टेबल के रूप में हुआ है। यह सफलता छिंदवाड़ा पुलिस के सतत प्रयासों, समर्पण एवं प्रभावी मार्गदर्शन का परिणाम है।



## देवलौंद में युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर लगाई आग, इलाज के दौरान मौत; परिजनों ने किया चक्काजाम

शहडोल (ए.)। शहडोल जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद से आहत एक युवक द्वारा खुद को आग लगाने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने शहडोल-रीवा मुख्य मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

**पत्नी ने साथ जाने से इनकार कर दिया**

जानकारी के अनुसार देवलौंद के बाणसागर वार्ड क्रमांक 9 निवासी रवि कचेर का 2 अप्रैल को अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद पत्नी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई और घर न जाकर अपनी परिचित महिला के घर चली गई। अगले दिन रवि कचेर पत्नी को लेने वहां पहुंचा और उसे घर चलने के लिए मनाने लगा, लेकिन पत्नी ने साथ जाने से इनकार कर दिया।

# ग्वालियर-चंबल में बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि, सड़कों पर बिछी सफेद चादर; पश्चिमी विक्षोभ का असर

ग्वालियर (ए.)। मध्य प्रदेश के चंबल अंचल में शनिवार, 4 अप्रैल 2026 की शाम को मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर 3:50 बजे से ग्वालियर समेत अन्य कई जगहों पर तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के बाद लगभग दस मिनट तक ओलावृष्टि हुई। करीब 2.5 सेंटीमीटर व्यास तक के ओले 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं के साथ गिरे, जिससे शहरी क्षेत्र शिमला सा दिखने लगा और सड़कों पर बर्फ की चादर बिछ गई। मौसम विभाग ने पहले ही तेज बारिश, आंधी और ओले गिरने की चेतावनी जारी की थी।

शहर में जम्मू-कश्मीर से सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर साफ दिख रहा है। शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी के बाद दिनभर बादल छाए रहे, जिससे गर्मी से राहत मिली। अधिकतम तापमान गिरकर 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि शनिवार का न्यूनतम तापमान 21.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

**चिंता:- गेहूं की बालियां भीगने से दाने काले पड़ने लगे हैं**

मौसम विभाग ने 4 अप्रैल के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 7 अप्रैल तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। हालांकि, बदला हुआ मौसम किसानों के लिए चिंता बढ़ा रहा है। लगातार नमी और बारिश



के कारण गेहूं की फसल प्रभावित हो रही है। खेतों में खड़ी गेहूं की बालियां भीगने से दाने काले पड़ने लगे हैं और उनकी चमक फीकी हो रही है।

**अगले 24 घंटों में भी तेज बारिश व आंधी की संभावना**

इससे बाजार में कीमतों पर असर पड़ने की आशंका है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मौसम ऐसा ही बना रहा, तो फसल को और नुकसान हो सकता है। अगले 24 घंटों में भी तेज बारिश, आंधी और बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है।

बीते दिनों तेज धूप और गर्मी से लोग परेशान थे। घर से निकलते समय लोग चेहरा और शरीर ढंककर निकल रहे थे और धूप से बचने के लिए छांव तलाश रहे थे।हालांकि रात में हुई हल्की बारिश और तेज हवाओं ने मौसम को सुहाना बना दिया और लोगों को राहत मिली।

**किन जिलों में पड़ेगें ओले और झमाझम बारिश**

मौसम विभाग ने प्रदेश के जिन 45 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है उनमें जबलपुर, छतरपुर, पन्ना, दमोह और कटनी में ओलों के साथ बारिश का विशेष अलर्ट जारी है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों के निवासियों को आगामी दिनों के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है।

इसके अलावा, भोपाल, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, हरदा, खंडवा और बुरहानपुर में भी तेज आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है।

## श्मशान में अस्थियां उठाने पहुंची पुलिस, पिता ने लगाया बेटी को जहर देकर मारने का आरोप; जांच से खुलेगा राज



मुरैना (ए.)। मुरैना के महुआ थाना में एक पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बेटी को ससुराल पक्ष के लोगों ने जहर देकर मारा है। इसकी सूचना उसे बेटी के अंतिम संस्कार के बाद मिली। मायके पक्ष की शिकायत के बाद महुआ पुलिस ने मर्ग कायम कर श्मशान से अंतिम संस्कार के एक दिन बाद अस्थियां एकत्रित कर जांच शुरू कर दी है।

**अस्थियां एकत्रित कर जांच के लिए भेज दी**

महिला की आठ साल पहले शादी हुई थी। दो दिन पहले अचानक तबीयत बिगड़ी और उसे ग्वालियर रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पिता को शक होने पर उन्होंने शिकायत दर्ज कराई उसके बाद पुलिस ने यह कदम उठाया। मिढ़ेला गांव निवासी पिता सुरेंद्र सिंह तोमर ने बताया बेटी की मौत की खबर हमें मिली। हम सब परिवार सहित उसके अंतिम संस्कार में शामिल हो गए। तब हमने पीएम नहीं कराया, लेकिन अंतिम संस्कार के दूसरे दिन मुझे पता चला कि बेटी की जहर देने से मौत हुई। पिता की शिकायत पर महुआ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर आज श्मशान से मृतिका की अस्थियां एकत्रित कर जांच के लिए भेज दी है।

**2018 में हुई थी शादी**

बेटी क्रांति की वर्ष 2018 में रन्हेरा गांव निवासी हीरो उर्फ अरविंद परिहार पुत्र रामनिवास परिहार के साथ हुई थी। अचानक क्रांति की तबीयत बिगड़ गई तो ससुराल वाले उसे मुरैना अस्पताल ले गए। वहां से उसे ग्वालियर रेफर किया गया। इसकी सूचना तक ससुराल के लोगों ने मायके में नहीं दी। ग्वालियर के जाते समय रास्ते में बीमार क्रांति के मुंह से झाग आया और उसकी मौत हो गई। इसके बाद ससुराल जानों ने मायके पक्ष से यह बात भी छुपाई।

## छात्र ने पहले परिजनों से वीडियो कॉल पर बात की, फिर खुद को पिता की लाइसेंसी बंदूक से मार ली गोली

इंदौर (ए.)। इंदौर के नेहरू नगर में एक छात्र ने अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इसकी वजह पुलिस को अभी तक पता नहीं चल पाई है। उसने कोई सुसाइड नोट भी नहीं छोड़ा। मृतक का नाम सौरभ पिता धर्मराज पटेल, निवासी मैहर है। वह अपने दोस्तों के साथ नेहरू नगर में दो कमरे किराए पर लेकर रहता था। कुछ दिनों से उसके पिता भी उसके साथ रहने लगे थे। वे एक संस्थान में सुरक्षाकर्मी हैं और उनके पास लाइसेंसी बंदूक है।

शाम को वे सब्जी लेने गए थे। उन्होंने बेटे को कॉल कर सब्जी वाले को ऑनलाइन पेमेंट करने को कहा। सौरभ ने पेमेंट किया और फिर वीडियो कॉल पर परिजनों से बात करने लगा। कुछ देर बाद वह कमरे में गया और जोर से गोली चलने की आवाज आई। पास के कमरे में मैच देख रहे उसके रूममेट दौड़े तो सौरभ फर्श पर पड़ा था और उसके सीने में गोली लगी थी।

**कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, मोबाइल जब्त**



दोस्त उसे अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कमरे की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने जांच के लिए उसका मोबाइल भी जब्त कर लिया है।

पूछताछ में दोस्तों ने बताया कि कुछ दिनों से सौरभ तनाव में रहता था। यह बात भी सामने आई है कि वह बीते कुछ दिनों से एक युवती के संपर्क में था, हालांकि आत्महत्या की ठोस वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। इसके अलावा, इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में जेईई की तैयारी कर रहे छात्र तन्मय यादव ने भी आत्महत्या कर ली। उसने कमरे में लगे बोर्ड पर सॉरी लिखा और फांसी लगा ली।

## सिंधिया ने बच्चों को पुस्तकें और साईकिलें दीं

अशोकनगर,(ए.)। मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को जनपद पंचायत ग्राम कचनार के पीएमश्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं को पुस्तकों का वितरण भी किया। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया।

## व्यापार समाचार

# बीते डेढ़ महीने में सोना 41 हजार और चांदी 1.5 लाख रुपए टूटी

### - डॉलर की मजबूती और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के कारण हो रही गिरावट

मुंबई (ए.)। भारत में बीते डेढ़ महीने में सोने और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई है। इंडियन बुलियन ज्वैलर्स लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार 29 जनवरी 2026 को 24 कैरेट सोना 1,75,340 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 2 अप्रैल 2026 को घटकर 1,34,293 रुपए हो गया। इसी अवधि में चांदी की कीमत भी 3,79,888 से घटकर 2,27,813 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

इस तरह केवल डेढ़ महीने में सोने में 41,047 और चांदी में 1,52,075 रुपए की गिरावट दर्ज की गई। पिछले एक महीने की बात करें तो 2 मार्च 2026 को सोना 1,67,471 और चांदी 2,89,848 रुपए पर थी। तब से अब तक सोने में 33,178 रुपए और चांदी में 62,035 रुपए की कमी आई है। विशेषज्ञों



का कहना है कि यह गिरावट मुख्य रूप से डॉलर की मजबूती और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के कारण हो रही है। युद्ध जैसी वैश्विक घटनाओं और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश के लिए डॉलर की ओर आकर्षित किया है, जिससे कीमती धातुओं की मांग घट रही है।

विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि सोने और चांदी में निवेश जोखिम से मुक्त नहीं है और कीमतों की अस्थिरता अभी भी जारी रह सकती है। इसलिए निवेशकों को बाजार की स्थिति और अंतरराष्ट्रीय रुझानों पर ध्यान देते हुए निवेश करने की सलाह दी जाती है।

हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि लंबी अवधि में सोना और चांदी फिर से सुरक्षित निवेश विकल्प बन सकते हैं, लेकिन वर्तमान दौर में तेजी से उतार-चढ़ाव के कारण सतर्कता जरूरी है।

## मिडिल ईस्ट संकट और घरेलू अव्यवस्थाओं से पाकिस्तान में गहराया बिजली संकट

नई दिल्ली (आरएनएस) । पाकिस्तान में ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगले महीने से एलएनजी (एलएनजी) की आपूर्ति लगभग शून्य होने की आशंका है, जिससे कुल बिजली उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित होगा।

कराची स्थित बिजनेस रिकॉर्डर में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, एलएनजी की कमी से कुल बिजली उत्पादन का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा प्रभावित होगा, जबकि कोयले की आपूर्ति पर दबाव के कारण करीब 30 प्रतिशत बिजली उत्पादन पर असर पड़ सकता है।

स्थिति से निपटने के लिए सरकार फर्नेस ऑयल का सहारा लेने पर मजबूर है, लेकिन इससे बिजली उत्पादन की लागत काफी बढ़ जाती है। गैस और कोयले के मुकाबले फर्नेस ऑयल से बिजली बनाना महंगा पड़ता है।रिपोर्ट के अनुसार, सरकार रोजाना 2 से 3 घंटे की लोड शेडिंग, बिजली दरों में बढ़ोतरी और ऊर्जा बचत जैसे कदम उठाने की योजना बना रही है। हालांकि, इन उपायों की सफलता उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।विशेषज्ञों का कहना है कि बाजारों को जल्दी बंद करना और अधिक बिजली खपत वाली रोशनी पर प्रतिबंध जैसे सरल उपाय पहले भी असरदार साबित हुए हैं, लेकिन इन्हें मौजूदा रणनीति में प्राथमिकता नहीं दी गई है। इससे बोझ आम जनता और उद्योगों पर ज्यादा पड़ सकता है।

रिपोर्ट में घरेलू कुप्रबंधन को भी संकट का बड़ा कारण बताया गया है। पाकिस्तान रेलवे और कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के बीच विवाद के चलते 1500 से 1800 मेगावाट बिजली उत्पादन खतरे में है। कोयले के परिवहन में बाधाएं, वैगन लोडिंग में देरी और समन्वय की कमी ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। इससे न केवल अतिरिक्त लोड शेडिंग की आशंका बढ़ गई है, बल्कि महंगे ईंधन पर निर्भरता भी बढ़ रही है। वहीं, पाकिस्तान रेलवे को भी माल ढुलाई से होने वाली आय में नुकसान उठाना पड़ सकता है।रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा संकट भले ही बाहरी कारणों से शुरू हुआ हो, लेकिन इसकी गंभीरता काफी हद तक घरेलू नीतियों और फैसलों पर निर्भर करेगी। यदि मांग प्रबंधन और आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो हर संकट की कीमत और अधिक बढ़ती जाएगी।

## यूआईडीएआई में इंटर्नशिप का सुनहरा मौका, 28 पदों के लिए 15 अप्रैल तक करें आवेदन




नई दिल्ली (आरएनएस) । आधार कार्ड जारी करने वाली संस्था भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ जुड़ने से अपने शानदार करियर की शुरुआत करने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए एक खास मौका सामने आया है। यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने इंटर्न के कुल 28 पदों पर वैकेंसी की आधिकारिक अधिसूचना जारी की है।

यूआईडीएआई की ओर से जारी पदों के लिए ऑनलाइन मोड में आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू हो गई है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई है। ऐसे में जो योग्य और इच्छुक उम्मीदवार एप्लीकेशन फॉर्म भरने की सोच रहे हैं, उन्हें तय समय सीमा के भीतर अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की सलाह दी जाती है।

यूआईडीएआई ने इंटर्न के जिन 28 पदों पर वैकेंसी निकाली है, उनमें बी(टेक)/बीई और एमटेक के 10+4, बैचलर ऑफ डिजाइन (बी-डेस) के 2, मास्टर ऑफ डिजाइन (एम-डेस) के 4, बैचलर ऑफ मैथेमेटिक्स (बी-मैथ्स)/बैचलर ऑफ स्टैटिस्टिक्स (बी-स्टेट) के 4 और मास्टर ऑफ साइंस इन मैथमेटिक्स (एम-मैथ्स)/मास्टर ऑफ स्टैटिस्टिक्स (एम-स्टेट) के 4 पद शामिल हैं। एप्लीकेशन फॉर्म भरने वाले अभ्यर्थियों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान या यूनिवर्सिटी से संबंधित पद अनुसार ग्रेजुएशन या पोस्ट-ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए। इसी के साथ कैंडिडेट्स के पास अन्य निर्धारित स्किल का होना भी अनिवार्य है।योग्य अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग, इंटरव्यू/डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर किया जाएगा, जिसके बाद चयनित कैंडिडेट्स को यूआईडीएआई इंटर्नशिप नीति के अनुसार प्रति माह स्टाइपेंड दिया जाएगा। आवेदन करने के लिए उम्मीदवार सबसे पहले यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।

# भारतीय शेयर बाजार में तीन दिन रहा बड़ा उतार-चढ़ाव

### - पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान संघर्ष की वजह से निवेशकों का मनोबल कमजोर रहा

मुंबई (ए.)। इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। महावीर जयंती 31 मार्च और गुड फ्राइडे 3 अप्रैल के अवसर पर बाजार बंद रहने के कारण केवल तीन दिन ही कारोबार हुआ। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान संघर्ष की वजह से निवेशकों का मनोबल कमजोर रहा, जबकि सप्ताह के मध्य में सुधार की उम्मीदों ने बाजार को हरा निशान दिखाने में मदद की। विदेशी निवेशकों की निकासी और घरेलू शेयर बाजार की कमजोर शुरुआत ने सप्ताह की शुरुआत में गिरावट का माहौल बनाया, लेकिन ब्लू-चिप शेयरों में खरीदारी और वैश्विक बाजारों में तेजी से बाजार ने रिकवरी दिखाई। सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी में शुरुआती कारोबार में ही बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 1,191.24 अंक गिरकर 72,391.98 पर आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 349.45 अंक गिरकर 22,470.15 के स्तर पर था। दिन के अंत में गिरावट और तेज़ हुई और सेंसेक्स 1,635.67 अंक गिरकर 71,947.55 पर, निफ्टी 488.20 अंक गिरकर 22,331.40 पर बंद हुआ। विदेशी निधियों की निकासी ने इस कमजोरी को और बढ़ाया। बुधवार को बाजार ने मजबूत शुरुआत की। वैश्विक बाजारों में तेजी और अमेरिका-ईरान संघर्ष के जल्द समाधान की उम्मीद से निवेशकों का भरोसा बढ़ा। सेंसेक्स ने शुरुआती कारोबार में 1,899.53 अंक की तेजी दिखाई और 73,847.08 पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 572.55 अंक बढ़कर 22,903.95 पर रहा। दिन के अंत में सेंसेक्स 1,186.77 अंक बढ़कर




73,134.32 पर, और निफ्टी 348.00 अंक बढ़कर 22,679.40 पर बंद हुआ। गुरुवार को शुरुआती बिकवाली के बाद दिन के सत्र में बाजार ने रिकवरी दिखाई। सेंसेक्स अपने निचले स्तर से लगभग 950 अंकों की रिकवरी कर पाया और निफ्टी 22,450 का स्तर पार करने में सफल रहा। दोपहर 1 बजकर 43 मिनट पर सेंसेक्स 72,661.06 पर और निफ्टी 22,533.30 पर कारोबार कर रहे थे, जिससे स्पष्ट हुआ कि निवेशक निचले स्तर पर ब्लू-चिप शेयरों में खरीदारी कर रहे हैं। इस दौरान रुपया भी डॉलर के मुकाबले मजबूत हुआ।

## तेलंगाना : 12 मार्च से अब तक 3,699 घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त

हैदराबाद (आरएनएस) । एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए, तेलंगाना नागरिक आपूर्ति विभाग ने अब तक 3,699 अवैध घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त किए हैं, अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया। विभाग ने 70 छोटे सिलेंडर भी जब्त किए हैं। ये सभी सिलेंडर 12 मार्च से 3 अप्रैल के बीच जब्त किए गए हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जब्त की गई संपत्ति की कीमत 1.10 करोड़ रुपए है।

आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 6ए के तहत कुल 1,275 मामले दर्ज किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 216 एफआईआर दर्ज की गई हैं।आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 6ए के तहत, जिला कलेक्टरों को यह अधिकार है कि यदि उन्हें जमाखोरी और काला बाजारी का संदेह हो, तो वे आवश्यक वस्तुओं को जब्त कर सकते हैं। अधिकारी उन मामलों में कार्रवाई कर रहे हैं जहां घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का इस्तेमाल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। नागरिक आपूर्ति विभाग ने लोगों को पहले ही आश्वस्त किया है कि घरेलू एलपीजी की कोई कमी नहीं है, लेकिन चेतावनी दी है कि किसी भी तरह के दुरुपयोग पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अनाज से ज्यादा अहम और क्या

भारत अपनी 30 फीसदी उर्वरक जरूरत के लिए आयात पर निर्भर है। मगर, कई उर्वरक जो देश में बनते हैं, उनकी इनपुट सामग्रियों पर ध्यान दें, ये तो निर्भरता 70 फीसदी तक बढ़ जाती है। क्या ये स्वस्थ स्थिति है?

अभी पिछले साल ही अमेरिका से व्यापार युद्ध के सिलसिले में जब चीन ने उर्वरकों का निर्यात रोका, तो उससे भारत भी गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। उसके पहले 2022 में रूस- यूक्रेन की लड़ाई शुरू हुई, तब भी भारत को उर्वरक आपूर्ति की समस्या से जूझना पड़ा था। अब पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उससे भी बड़ी समस्या खड़ी होती दिख रही है। युद्ध के लंबा खिंचने के साथ देश में उर्वरकों की उपलब्धता की चिंता हर दिन अधिक गहराती जा रही है। ध्यान देने की बात है कि उर्वरकों का संबंध देश की खाद्य सुरक्षा से है। किसी भी देश की सर्वोच्च प्राथमिकता खाद्य के मामले में आत्म-निर्भरता होनी चाहिए। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज खेती-बाड़ी से जुड़ी अनिवार्य चीजों के मामले में भी भारत दूसरे देशों पर निर्भर बना हुआ है। मोटे आंकड़ों के मुताबिक भारत अपनी 30 फीसदी उर्वरक जरूरत के लिए आयात पर निर्भर है। मगर, कई उर्वरक जो देश में बनते हैं, उनकी इनपुट सामग्रियों पर ध्यान दिया जाए, ये तो निर्भरता 70 फीसदी तक बढ़ जाती है। क्या ये स्वस्थ स्थिति है? पिछले साल के आंकड़ों के मुताबिक इस मामले में भारत सबसे ज्यादा निर्भर रूस (18.1 प्रतिशत), सऊदी अरब (15.7), चीन (15) और मोरक्को (14.8 प्रतिशत) पर था। जॉर्डन, ओमान, कतर, यूएई और मिस्र अन्य देश हैं, जिनसे भारत उर्वरक के इनपुट आयात करता है। फिलहाल पश्चिम एशिया वाले तमाम देशों से आयात कठिन हो गया है। वहां जारी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन सामग्रियों की कीमत में भी भारी उछाल आया है। इसका बोझ सरकारी खजाने पर पड़ेगा। पिछले साल केंद्र ने उर्वरक सब्सिडी के तौर पर 1.87 लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे। इस वर्ष इस मद में 1.71 लाख करोड़ रुपये रखे गए हैं। जाहिर है, वास्तविक खर्च इससे काफी ज्यादा होगा। बहरहाल, मामला सिर्फ सब्सिडी बजट का नहीं है। मुद्दा है कि इस बारे में दीर्घकालिक योजना क्यों नहीं बनाई जाती? क्यों नहीं इनपुट के स्रोतों का विस्तार कर उर्वरक उत्पादन का कार्य अपने देश में किया जाता? आखिर अनाज से ज्यादा अहम और क्या है?

# अफगानिस्तान से लेकर भारत तक भूकंप के झटके!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**



भारत मे दिल्ली-एनसीआर सहित समूचे उत्तर भारत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके के आने पर लोग घरों से बाहर निकल गए। ये झटके दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा राजस्थानऔर पंजाब सहित कई प्रदेशों में महसूस किए गए हैं। इस भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में बताया जा रहा है।दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस होने से लोग दहशत में आ गए। गनीमत रही कि भूकंप से कहीं जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है।भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान बॉर्डर क्षेत्र में बताया जा रहा है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 मापी गई है। भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर के उधमपुर, पुंछ और कश्मीर घाटी के कई इलाकों में महसूस किए गए हैं।भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र में जमीन के अंदर 175 किलोमीटर नीचे था। भूकंप का केंद्र जमीन के काफी अंदर होने की वजह से इसका असर कम हुआ है। अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सहित उत्तर भारत में भूंकप आने से पहले तिब्बत में धरती हिली थी। तिब्बत में बीती रात करीब 8.12 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। तिब्बत में आए भूकंप की तीव्रता 3.2 मापी गई थी।

पिछले साल म्यांमार और थाईलैंड में दोपहर के समय आए भयंकर भूकंप को रिक्टर पैमान पर 7.9 की तीव्रता का नापा गया था। इतने तेज भूकंप के कारण दोनों ही देशों में भारी तबाही हुई थी। इन देशों की विशाल इमारतें और पुल ढह गए और भारी जान माल का नुकसान हुआ था। थाईलैंड के प्रधानमंत्री शिनवात्रा ने बैंकाक के अंदर आपातकाल की घोषणा की थी। इस भूकंप का केंद्र म्यांमार बताया गया था। जिसका भारी प्रभाव थाईलैंड तक पड़ा था। बैंकॉक में 7.9 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से इमारतें हिलने लगीं थी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मनी के जीएफजेड भूविज्ञान केंद्र ने बताया कि दोपहर को यह भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया था, जिसका केंद्र म्यांमार में था। ग्रेटर बैंकॉक क्षेत्र की आबादी 170 लाख से अधिक है, जिनमें से कई लोग ऊंची इमारतों वाले अपार्टमेंट में रहते हैं।दोपहर करीब डेढ़ बजे भूकंप आने पर इमारतों में अलार्म बजने लगे और घनी आबादी वाले मध्य बैंकॉक की ऊंची इमारतों एवं होटल से लोगों को बाहर निकाला गया। भूकंप इतना शक्तिशाली था कि कुछ ऊंची इमारतों के अंदरूनी हिस्सों में 'स्वीमिंग पूल' में पानी में लहरें उठती दिखीं। भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार में था, जो मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में है। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए जहां सैंकड़ो लोग इमारतों से बाहर निकल आए। हालांकि जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि म्यांमार में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र मंडाले शहर के पास 10 किमी की गहराई पर था। म्यांमार दुनिया के सबसे भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक माना जाता है।

भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, असम और नागालैंड राज्यों में आज आए भूकंप से लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। वही दिल्ली व उसके आसपास के क्षेत्र में विगत वर्ष 17 फ़रवरी की सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए थे,जिसमे कई सेकंड तक धरती डोलती रही थी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई थी, इसका केंद्र दिल्ली के पास ही धरती से 5 किलोमीटर की गहराई में था। इसीलिए तेज झटके महसूस हुए। कुछ सेकंड तक चलने वाले भूकंप के झटके इतने तेज थे कि इमारतों के अंदर जोरदार कंपन महसूस हुआ। भूकंप सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर आया था, जिससे लोगों की नींद उड़ गई थी।भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर भूकंपीय क्षेत्र 4 में आते है, जिससे यहां मध्यम से तीव्र भूकंप आने का खतरा रहता है। समय-समय पर दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस होते रहते हैं, लेकिन इस तीव्रता के झटके बहुत समय बाद महसूस किए गए हैं। उत्तराखंड समेत नेपाल और भारत के अन्य क्षेत्रों में धरती बार बार डोलने लगती है। भूकंप के तेज झटकों से लोग दहशत में आ जाते है। सन 2022 में आए भूकंप के झटके इतने तेज थे कि गहरी नींद में सोए लोग हड़बड़ाहट में उठे और घरों से बाहर की ओर भागे थे। उस समय उत्तराखंड में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.5 मापी गई थी। दिल्ली के साथ ही नोएडा और गुरुग्राम में भी कई सेकेंड तक भीषण झटके महसूस किए गए। इसके कारण लोग उठ गए और कई लोग अपनी सोसायटी में बाहर निकल आए।ऐसा लगा कि बेड को कोई बहुत तेज धक्का मार रहा है। इस दौरान घर के फैन और झूमर भी भूकंप के असर के कारण तेजी से हिलने लगे। भूकंप पृथ्वी की सतह के हिलने को कहते हैं। यह पृथ्वी के स्थलमण्डल में ऊर्जा के अचानक मुक्त हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली भूकम्पीय तरंगों की वजह से होता है। भूकम्प बहुत हिंसात्मक हो सकते हैं और कुछ ही क्षणों में लोगों को गिराकर चोट पहुँचाने से लेकर पूरी आबादी को ध्वस्त कर सकने की इसमें क्षमता होती है।भूकंप का मापन भूकम्पमापी यंत्र से किया जाता है, जिसे सीस्मोग्राफ कहते है। 3 या उस से कम रिक्टर परिमाण की तीव्रता का भूकंप अक्सर अगोचर होता है, जबकि 7 रिक्टर की तीव्रता का भूकंप बड़े क्षेत्रों में गंभीर क्षति का कारण बन जाता है।भूकंप के झटकों की तीव्रता का मापन मरकैली पैमाने पर किया जाता है। पृथ्वी की सतह पर, भूकंप अपने आप को, भूमि को हिलाकर या विस्थापित कर के प्रकट करता है। जब एक बड़ा भूकंप उपरिकेंद्र अपतटीय स्थिति में होता है, यह समुद्र के किनारे पर पर्याप्त मात्रा में विस्थापन का कारण बनता है। भूकंप के झटके कभी-कभी भूस्खलन और ज्वालामुखी को भी पैदा कर सकते हैं। भूकंप अक्सर भूगर्भीय दोषों के कारण आते हैं।

# इस्त्रायल- अमेरिका बनाम ईरानः होर्मुज की किरकिरी और ट्रंप का पसोपेश

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

*ऐसा लगता है कि सब कुछ जेम्स हेडली चेज के उपन्यास के शीर्षक की तर्ज पर हुआ और डोनाल्ड ट्रंप और बेन्जामिन नेतन्याहू की जुगल-जोड़ी के साथ आ-बला, पकड़ गला की उक्ति चरितार्थ हो गयी। एक माह बीत चुका है, लेकिन वर्षों से पाबंदियां झेल रहे ईरान के कस बल ढीले नहीं पड़ रहे हैं। उसने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी कर रखी है और इस्राइल के फौजी और नागरिक ठिकानों पर रोजाना दस बैलिस्टिक मिसाइलें दाग रहा है। एक अप्रैल को बेत शेमेश पर उसके प्रहार से नौजने ठौर मारे गये और तिफरेत का सीनेगाग नष्ट हो गया। इस बीच इस्राइल की परेशानी इस नाते बढ़ गई है कि 28 मार्च से हूती लड़ाके भी जंग में शामिल हो गये है। हूतियों के दक्षिण इस्राइल में हमलों का स्रोत यमन है, लेकिन उस पर इराक और लेबनान के रास्ते भी आक्रमण शुरू हो गये हैं।*

गौरतलब है कि इस्त्रायल का दक्षिण लेबनान पर कब्जा उसकी ग्रेटर इस्त्रायल मुहीम का हिस्सा है, किंतु संसाधनों की न्यूनता के चलते अनेक मोर्चों का खुलना उसके लिये घातक और और विनाशकारी है। इस्त्रायल पर इराक और लेबनान की ओर से हमले तथा थ्री एच-हमस, हूतो और हिजबुल्लाह की साझा सक्रियता बीबी (नेतन्याहू) की पेशानी पर सलों के लिये पर्याप्त है। तेल अवीव,



हैफा और येरुशलम पर लगातार द्रोन और मिसाइलें दाग कर ईरान ने आयरन डोम का मिथ ध्वस्त कर दिया है और संख्याबल के आधार पर वह इस्त्रायल को देर तक छकाने के मूड में है।

35 दिनों से जारी ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के फलस्वरूप सबसे बुरी गत ट्रंप की बनी है। अब साफ हो गया है कि उन्होंने ईरान पर हमला बीबी के उकसावे पर खब्त में आकर किया। मिशन की सबसे बड़ी विफलता यह रही कि पहले ही दिन अयातुल्लाह खामेनेई के हलाक होने के बावजूद ईरान में कोई कू-दे-ता (तख्तापलट) नहीं हुआ। अयातुल्लाह के उत्तराधिकारी मोज्तबा मस्क्वा में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं और उनकी ट्रंप को नसीहत ने सारे विश्व का ध्यान आकृष्ट किया है। ट्रंप की दुनिया भर में भद्द पिटी है और 80 वर्षीय सनकी राष्ट्रपति के खिलाफ अमेरिकी शहरों में 80 लाख से अधिक लोगों ने प्रदर्शन किया।

उनके खिलाफ कांग्रेस में अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात भी चल रही है। उनकी भतीजी की मुखालफत के बाद अब सिनेटर लिंडसे ग्राहम जैसे उनके समर्थक जो कल तक फिल्लिया फड़काने और खरग पर कब्जे की दंभोक्ति कर रहे थे, अब युद्धपोतों से पाल उतारने की बात कर रहे हैं। अमेरिका अब तक जंग पर 36 बिलियन डॉलर फूंक चुका है। नतीजा ढाक के तीन पात। अनेक अमेरिकी मेरिनर ईरान के हत्थे लग गये हैं और 31 मार्च को अमेरिकी युद्ध संवाददाता सुश्री शैली पिट्टसन का बगदाद में अपहरण कर लिया गया। उसके बाद से शैली का कोई अता-पता नहीं है।अमेरिका-इस्राइल बनाम ईरान जंग को लेकर भविष्यवाणी नामुमकिन इसलिये है, क्योंकि कोई नहीं जानता कि ट्रंप कब क्या कर बैठेंगे? ईरान की शिकस्त और रेजीम चेंज के मामले में हाथ मल रहे ट्रंप अब होर्मुज जलडमरूमध्य के मुद्दे को भी भुलाने को तैयार है और चाहते हैं कि इस मुद्दे को क्षेत्रीय व योरोपीय शक्तियां सुलझायें। उनके शब्दों पर गौर करें। वह कहते हैं द वार इज गोइंग ग्रेट एंड कमिंग टू ऐन एण्डा मुमकिन है कि परमाणु हमला भी उनके दिमाग में हो, लेकिन पैट्रियाटिक विजन के यूएनओ में प्रतिनिधि मोहम्मद सफा के इस्तीफे से इस साजिश का भांडा फूट गया है। जंग का सबसे बड़ा असर है कि अमेरिका पोषित नाटो ने अमेरिका को धता बता दी है। उसके अनन्य सहयोगी ब्रिटेन के कीर स्टार्मर ने सहयोग से साफ इंकार कर दिया दिया है और फ्रांस, जर्मनी, पोलैंड, इटली स्पेन आदि भी उसी रास्ते पर हैं। जर्मनी में तो सारे अमेरिकी फौजियों और साजो सामान की वापसी की मांग उठ रही है। जंग से अमीर-उमराव दुबई और मध्यपूर्व में इंवेस्टमेंट से मुँह फेर लेंगे। ईरान की रणनीति कि उसने अमेरिका के सबसे बड़े एयरक्राफ्ट करियर अब्राहम लिंकन को दूर खदेड़ दिया है और सबसे ताजा खबर है कि तेल अवीव ने मध्यस्थता के लिये बीजिंग से संपर्क साधा है। यकीनन सामरिक और ऊर्जा के मान से दुनिया नये समीकरणों की देहरी पर है।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बितेगा। ये यात्रा ऑफिस के काम से रिलेटेड हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कम्पनी से जॉब के लिये ईमेल आ सकता है। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। कम्पटीटिव एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार आपको मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। घर में सुख-शांति बनी रहेगी।

वृषभ राशि: आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता रहेगी। परिवार में आज सुखद वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन आज मधुरता से भरपूर रहेगा। आज आपकी उलझने कम हो सकती है। सरकारी ऑफिस में काम करने वालों का आज प्रमोशन होने की संभावना है। आज आपकी पारिवारिक समस्यायें दूर हो जाएगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा।आज आपके कलीग और बॉस दोनों मिलकर आपके प्रदर्शन से खुश होकर आपको स्पेसेल फील करवाने के लिए सरप्राइज पार्टी प्लान करके इस दिन को आपके लिए बहुत खास बना देंगे। मौसम का असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा।अगर किसी मित्र से आपकी अनबन हुई है तो आज फ्रैंडशिप करने के लिए अच्छा दिन है।

कर्क राशि: आज आपका मन स्थिर रहेगा। ऑफिस में आज आपकी परफॉरमेंस अच्छी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से खुश होकर बुक गिफ्ट कर सकते हैं। सहकर्मी आपके पक्ष में रहेंगे। आज किसी दूसरे के काम में बेवजह अपनी राय न दें।

सिंह राशि: आज आपके मन में नए नए विचार उत्पन्न होंगे। हो सकता है किसी नए बिजनेस की शुरुआत करने से भविष्य में आपको फायदा होगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी हैं और आप ऐसा बहुत अच्छे से करेंगे। इस राशि के कॉन्ट्रेक्टर के लिए आज का दिन अच्छा होगा। हो सकता है कि आपको आज नया कॉन्ट्रेक्ट मिलें।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए काफी रिफार्मेटिव रहने वाला है। सर्वोच्च पदाधिकारियों को आज बहुत सारे नियम और कानून में रिफार्म यानी सुधार करना पड़ेगा जो की अनिवार्य होगा। विद्यार्थिओं को भी आज अपने स्टडी प्लान में रिफार्म करना लाभदायक होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी होगी।

तुला राशि: आपके लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। इस राशि के लोगों को आज धन की प्राप्ति हो सकती है। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। उन्हें अपने ननिहाल या मायके की तरफ से बहुत बड़ी खुशखबरी मिलने के योग है। आज आपके विचारों को ऑफिस में सीनीयर्स की तरफ से पॉजीटिव रिसपॉन्स मिलेगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपका मित्र या रिश्तेदार आपसे मिलने आपके घर आ सकता है और उनके साथ आप पास के किसी दार्शनिक स्थल पर घूमने जाएंगे। आज आपको पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आज आपकी विशेष इच्छाओं की पूर्ति हो सकती है। आज आपका धार्मिक कार्यों में जुड़ाव बढ़ेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

धनु राशि: समय आज व्यस्तता में बीतेगा। आज आपके करीबी आपको अचानक गिफ्ट देकर सरप्राइज कर सकते हैं। आज बहुत पुराना कोर्ट केस का फैसला आज आपके पक्ष में आ सकता है।बहुत बिजी शेड्यूल होने बावजूद भी आज आप अपने बच्चों के साथ समय बिताने के लिए समय जरूर निकालेंगे। इस राशि के लोग आज बिजनेस के मामले में सोच-समझकर कर फैसला लें सफलता अवश्य मिलेगी।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आपको अपने लोगों के बीच अपनी छवि बेहतर करने का पूरा मौका मिलेगा। आज आपके दुश्मन आपसे दूर ही रहेंगे। आज आप दोस्तों के साथ कहीं घूमनें जा सकते है। बच्चों के साथ गेम ज़ोन और डिनर पर जाने का प्लान बनेगा। आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा और आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी।संतान की सफलता से आपको प्रसन्नता होगी। इस राशि के लोगों के व्यापार में आज दो गुना वृद्धि होगी।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है व बच्चों के पढ़ाई का हो सकता है। बॉस और कालीगस आज आपसे बहुत खुश रहने वाले हैं ऑफिस में आपके कार्यों की तारीफ होगी। बॉस आपकी पदोन्नति करने का मन बना सकते हैं। आज आपका स्वास्थ्य रोज की अपेक्षा बेहतर रहने वाला है।

# ईरान अमेरिका युद्ध में पाकिस्तान की भूमिका दलाल की , ईरान की ओर से युद्ध पर कोई बात नहीं

**अजय दीक्षित**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर दिल्ली में 26 मार्च को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि ईरान अमेरिका युद्ध में पाकिस्तान दलाल की भूमिका निभा रहा है। एस जयशंकर की इस शब्दावली पर आपत्ति की गई या होसकती है मगर ये अलंकार सही लगता है पाकिस्तान पर । हालांकि ये खिचड़ी तब से पक रही जब पाकिस्तान सेना प्रमुख मुनीर खान को डॉनल्ड ट्रंप ने पहलगाम के बाद वाशिंगटन बुलाया था।

दरअसल पाकिस्तान की कलई खोली आज इजरायल ने जब ईरान स्थित पाकिस्तान दूतावास पर मिसाइल से दो हमले किए। इजरायल ने पाकिस्तान को दलाल भी घोषित किया। इजरायल किसी भी कीमत पर अब अमेरिका को युद्ध से एग्जिट होने नहीं देना चाहता जबकि डॉनल्ड ट्रंप एग्जिट होने को आतुर क्योंकि उनके देश में इस युद्ध की खिलापत हो रही है। ईरान की इस्लामिक रिवॉलनसरी गार्ड

नहीं चाहता कि युद्ध अमेरिका की शर्तों पर रुके वह आर पार के मूड में है क्योंकि 40 वर्ष से इस युद्ध की तैयारी कर रहा था।1979 से वह अमेरिका की किरकिरी बना हुआ था।

पूरे दक्षिण और मध्य पूर्व एशिया में ईरान अकेला गैर सुन्नी मुस्लिम देश है उनकी धार्मिक मान्यता अलग है।जबकि सबसे बड़ा और प्राकृतिक रूप धनी देश है ।यहां की फारस की खड़ी की सभ्यता इराक की तरह प्राचीन है।जबकि इस्लाम तो छठवीं सदी में स्थापित हुआ है।ईरान के मुस्लिम हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब को अंतिम मैसेंजर नहीं मानते जबकि सुन्नी मुस्लिम देश कतर, यूएई कुवैत, तुर्की, इराक, मिश्र, पाकिस्तान,बांग्लादेश,बहरीन, सऊदी अरब,आदि सुन्नी देश है। यही भावना ईरान को अलग करती है। इसीलिए पाकिस्तान,तुर्की जैसे देश की मध्यस्थता ईरान को स्वीकार नहीं है ।दूसरे ईरान चाहता है कि अमेरिका अपनी सेना ईरान की जमीन पर उतार दे । बताते दस लाख इस्लामिक रिवॉलनसरी गार्ड अमेरिका की सेना की धज्जियां उड़ाते दिखे गे।आज तक जमीनी युद्ध में अमेरिका जीता ही नहीं।ईरान पर कई विकल्प हैं जैसे खाड़ी देशों के पेयजल प्लांट को तवाह करना तो अमेरिकी सेना संकट में फंस जाएगी । 6 अप्रैल के बाद वाशिंगटन क्या करेगा। पाकिस्तान तुर्की चाहते हैं कि ईरान समर्पण करदे मगर ईरान अमेरिका को सबक सिखाने वाला है।पाकिस्तान तो भीखमंगा देश है उस के पास विदेशी मुद्रा भंडार नहीं है तो बढ़ती दाम पर तेल कैसे खरीदे गा। अमेरिका के सामने इस लिए दलाल की भूमिका में है कि किसी प्रकार डॉनल्ड ट्रंप मदद कर दे। पाकिस्तान की इस मुखबिरी से इज़रायल सख्त नाराज इसलिए उसने आज पाकिस्तान की ईरान स्थित दूतावास पर मिसाइल से हमला किया।


भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सही कहा कि भारत पाकिस्तान की तरह देश नहीं है जिसे कुछ लोग चला रहे हों मजबूत लोकतांत्रिक देश है दलाल नहीं ।

## नवजीवन का संदेश देता पुनरुत्थान पर्व ईस्टर

**योगेश कुमार गोयल**

क्रिसमस के अतिरिक्त 'ईस्टर' को भी ईसाई धर्म का सबसे बड़ा और प्रमुख पर्व माना जाता है। एक ओर जहां क्रिसमस ईसा मसीह के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है, वहीं ईस्टर उनके पुनरुत्थान का पर्व है। यह पर्व प्रतिवर्ष गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को मनाया जाता है, जिसे 'ईस्टर संडे' भी कहा जाता है। इस वर्ष यह 5 अप्रैल को मनाया जा रहा है। गुड फ्राइडे का दिन ईसा मसीह के बलिदान की याद दिलाता है, जब उन्हें सूली पर चढ़ाया गया था। यह दिन ईसाइयों के लिए शोक और गंभीरता का दिन होता है लेकिन उसके ठीक तीसरे दिन रविवार को जब ईसा मसीह के पुनः जीवित होने की मान्यता है, उस दिन लोगों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं होता। उसी पुनरुत्थान की स्मृति में ईस्टर मनाया जाता है, जिसे ईसाई धर्म में परम आनंद और नवजीवन का प्रतीक माना गया है। ईसाई धर्म के अनुसार, ईसा मसीह का पुनर्जीवन उनकी दिव्यता और प्रभुता का प्रमाण माना जाता है। ईसा ने अपने जीवन में प्रेम, करुणा, क्षमा और सेवा का जो संदेश दिया था, वह उनके बलिदान और पुनरुत्थान के माध्यम से और अधिक प्रभावशाली बन गया। ईस्टर के दिन ईसाई समुदाय के लोग गिरजाघरों में एकत्र होते हैं, मोमबत्तियां जलाते हैं, बाइबिल का पाठ करते हैं और यीशु को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं। इस दिन को 'ईस्टर दिवस' या 'ईस्टर रविवार' के नाम से भी जाना जाता है। बाइबिल में वर्णित घटनाओं के अनुसार, ईसा मसीह के पुनर्जीवित होने के बाद उन्होंने 40 दिनों तक पृथ्वी पर निवास किया और अपने अनुयायियों को सत्य, प्रेम और करुणा का मार्ग दिखाया। फिर वह स्वर्ग की ओर चले गए।ईस्टर केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है बल्कि यह नवजीवन, उम्मीद और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक भी है। माना जाता है कि जब ईसा मसीह पुनः जीवित हुए, तब उन लोगों को भी पश्चाताप हुआ, जिन्होंने उन्हें यातनाएं दी थी और सूली पर चढ़ाया था। ईसाई धर्म की मान्यता है कि 'ईस्टर' शब्द की उत्पत्ति 'ईस्त्र' नामक वसंत और उर्वरता की देवी से हुई है, जिसकी पूजा यूरोप की प्राचीन पौराणिक परंपराओं में की जाती थी। अप्रैल माह में होने वाले उस देवी के उत्सवों के कई तत्व आज भी यूरोप में मनाए जाने वाले ईस्टर उत्सवों में देखे जा सकते हैं।

# देश में गैस की कमी है और लोग लंबी कतारों में इंतजार कर रहे हैं : मल्लिकार्जुन खरगे



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि देश में गैस की कमी है और लोग लंबी कतारों में इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने इस संकट का कारण सरकार की विदेश नीति की खामियों को बताया और कहा कि इस मुद्दे पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के चलते पश्चिम एशिया में तनाव के बीच गैस की कमी की समस्या उत्पन्न हुई है। बेंगलुरु में बोलते हुए खरगे ने कहा कि देश में गैस की समस्या है। लोग लंबी कतारों में फंसे हुए हैं। यह सबके लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। लेकिन वह ध्यान नहीं दे रही है क्योंकि उनकी विदेश नीति सही नहीं है। आज हम उनकी गलत विदेश नीति के कारण भुगत रहे हैं। इससे पहले, कर्नाटक के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री के.एच. मुनियप्पा ने जोर देकर कहा था कि घरेलू और सार्वजनिक परिवहन की जरूरतों के लिए गैस की कोई वास्तविक कमी नहीं है।

सरकार ने इंडियनऑयल को वर्तमान 59.53 मीट्रिक टन से दैनिक बिक्री बढ़ाने का निर्देश दिया है और निजी वितरकों को कालाबाजारी और अनधिकृत मूल्य वृद्धि के खिलाफ चेतावनी जारी की है। इसके अलावा, जमाखोरी रोकने के लिए जिला स्तरीय निगरानी समितियां गठित की गई हैं। भारत सरकार ने शनिवार को जनता को आश्वस्त करते हुए देशभर में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पेट्रोलियम जेली (पीजी) की पर्याप्त आपूर्ति की पुष्टि की। शुक्रवार को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने स्पष्ट किया कि उसके पांच किलोग्राम के फ्री ट्रेड लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एफटीएल) सिलेंडर तेल विपणन कंपनियों के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों को लगातार आपूर्ति किए जा रहे हैं। सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी के अनुसार, आपूर्ति में निरंतर निरंतरता और कोई व्यवधान न हो, इसके लिए व्यवस्थाएं की गई हैं।

## अभिषेक बनर्जी का भाजपा पर तंज, संस्थाओं का दुरुपयोग और वोटों का ध्रुवीकरण ही इनका डबल इंजन

कोलकाता,(आरएनएस)। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने आगामी बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में भाजपा के 'डबल इंजन' के नारे पर सवाल उठाते हुए इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा का असली 'डबल इंजन' दो अलग-अलग तरीकों से काम करता है। पहला इंजन लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग पर आधारित है। बनर्जी के मुताबिक, इसमें चुनाव आयोग का इस्तेमाल एक हथियार के रूप में किया जाता है, जिसके जरिए असली मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने, ईमानदार अधिकारियों के तबादले करने और प्रशासनिक ढांचे को कमजोर करने की कोशिश की जाती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनावी सूचियों में हेरफेर करने के लिए बाहरी लोगों को अवैध रूप से शामिल किया जाता है।अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भाजपा का दूसरा इंजन विभिन्न स्थानीय दलों और संगठनों को अपने हित में इस्तेमाल करने पर केंद्रित है। उन्होंने एआईएमआईएम, इंडियन सेक्युलर फ्रंट और आम जनता उन्नयन पार्टी का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि इन संगठनों के माध्यम से सांप्रदायिक तनाव फैलाने, अशांति पैदा करने और वोटों के ध्रुवीकरण की कोशिश की जाती है।

## सीबीएसई का बड़ा फैसला, 10वीं के छात्रों के लिए बदल गए गणित और विज्ञान के नियम

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने एनालिटिकल लर्निंग को मजबूत करने के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। बोर्ड ने मैथमेटिक्स और साइंस के लिए अब दो-लेवल का नया स्ट्रक्चर पेश किया है। इसके तहत आगामी 2026-27 के शैक्षणिक सत्र से सामान्य अनिवार्य परीक्षा के साथ-साथ एडवांस्ड और हाई-लेवल असेसमेंट की भी व्यवस्था की गई है। शिक्षा व्यवस्था में यह अहम कदम बोर्ड द्वारा कक्षा 9 से 12 के लिए जारी किए गए नए करिकुलम के तहत उठाया गया है, जिसका सीधा असर लाखों छात्रों की पढ़ाई और परीक्षा के पैटर्न पर पड़ेगा।

क्या है नया एडवांस्ड पेपर का नियम और कितने नंबर का होगा एग्जाम

CBSE के इस बदले हुए फ्रेमवर्क के अनुसार, अब सभी छात्रों को एक कॉमन सिलेबस के तहत स्टैंडर्ड मैथ और साइंस पढ़ना होगा। इन दोनों विषयों का मुख्य पेपर 80 अंकों का होगा, जिसे हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया जाएगा। इसके अलावा, छात्रों के पास एडवांस्ड मैथ और एडवांस्ड साइंस का पेपर देने का एक शानदार विकल्प भी होगा। यह वैकल्पिक पेपर 25 अंकों का होगा और इसकी अवधि केवल 1 घंटे की होगी। यह एडवांस्ड स्तर का पेपर विशेष रूप से उन छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है, जो इन विषयों की बारीकियों को और अधिक गहराई से समझना और भविष्य में इसका लाभ लेना चाहते हैं।

मार्कशीट पर कैसे दिखेगा असर और इंटरनल असेसमेंट का क्या होगा

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि एडवांस्ड परीक्षा में 50 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले छात्रों की मार्कशीट में एक विशेष नोट दर्ज किया जाएगा, जो उनके एडवांस्ड स्तर को सफलतापूर्वक पूरा करने का प्रमाण होगा। हालांकि, राहत की बात यह है कि ये अंक छात्रों के कुल एग्रीगेट स्कोर (मुख्य प्रतिशत) में नहीं जोड़े जाएंगे। अगर कोई छात्र इस क्वालिफाइंग सीमा को पूरा नहीं कर पाता है, तो उसकी मार्कशीट पर एडवांस्ड स्तर का कोई जिक्र नहीं किया जाएगा, जिससे उस पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह नया दो-स्तरीय ढांचा केवल थ्योरी परीक्षा पर लागू होगा और कक्षा 10 के 20 अंकों के इंटरनल असेसमेंट में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## मौत की नींद सुला गई एक झपकी, तेज रफ्तार कार नहर में समाई; मुंबई के 3 लोगों की दर्दनाक मौत

पंढरपुर ,,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के पंढरपुर क्षेत्र से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। शनिवार तड़के मालशिरस तहसील में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सीधे नीरा दाहिनी नहर में जा गिरी। इस भीषण सड़क हादसे में कार में सवार तीन लोगों की पानी में डूबने से मौके पर ही मौत हो गई। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि कार चला रहे व्यक्ति को अचानक नींद की झपकी आ गई थी, जिसके कारण स्टीयरिंग से उसका नियंत्रण हट गया और यह खौफनाक हादसा हो गया। मरने वाले सभी लोग मुंबई के रहने वाले थे और इस घटना के बाद उनके परिवारों में कोहराम मच गया है।

**पलक झपकते ही नहर के गहरे पानी में डूब गई कार**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार मुंबई से मालशिरस की ओर जा रही थी। शनिवार तड़के जब कार मालशिरस तहसील क्षेत्र में पहुंची, तभी थकान के कारण चालक की आंख लग गई। नींद की वजह से कार का संतुलन पूरी तरह से बिगड़ गया और वह सड़क से फिसलते हुए सीधे नीरा दाहिनी नहर में समा गई। बताया जा रहा है कि नहर में पानी का स्तर और गहराई अधिक होने के कारण कार कुछ ही देर में पूरी तरह से पानी में डूब गई, जिससे कार के अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकलने या अपनी जान बचाने का कोई मौका ही नहीं मिल सका।

## राजस्थान के 20 से ज्यादा जिलों में भारी बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट



जयपुर,(आरएनएस)। भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार को राजस्थान के 20 से अधिक जिलों में भारी बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। इसके पीछे सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस को वजह बताया जा रहा है, जिसका असर पूरे प्रदेश में देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को भी राजस्थान के 10 से ज्यादा जिलों में मौसम ने अचानक रौद्र रूप दिखाया। कई इलाकों में तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हुई। बीकानेर, श्री गंगानगर और जैसलमेर में ओले गिरे, जबकि अन्य क्षेत्रों में तेज बारिश दर्ज की गई। राजधानी जयपुर में शुक्रवार देर शाम आई तेज धूल भरी आंधी ने एक व्यक्ति की जान ले ली। जवाहर नगर इलाके में 50 वर्षीय रामजीलाल माहवार नामक मोटरसाइकिल सवार के ऊपर बिजली का खंभा गिर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, शनिवार को उदयपुर, अजमेर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभागों के साथ-साथ शेखावाटी क्षेत्र में तेज हवाएं, भारी बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है। हालांकि 5 और 6 अप्रैल को मौसम थोड़ा शांत हो सकता है, लेकिन 7 अप्रैल से एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होने की उम्मीद है, जिससे फिर से आंधी और बारिश तेज हो सकती है। जयपुर में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे शुरू हुआ तूफान देर रात तक जारी रहा। तेज हवाओं के साथ आई इस आंधी ने शहर में कई जगह नुकसान पहुंचाया और कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। अचानक बदले इस मौसम का असर तापमान पर भी पड़ा है।

## प्रदूषण पर सीएम रेखा गुप्ता एक्शन प्लान लॉन्च



नई दिल्ली (ए.)। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एयर पॉल्यूशन मिटिगेशन एक्शन प्लान-2026 शुरू किया है। सरकार का दावा है कि इस बार सिर्फ घोषणा नहीं होगी, बल्कि जमीन पर काम भी दिखेगा। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर अब सरकार ने बड़ा और सख्त कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एयर पॉल्यूशन मिटिगेशन एक्शन प्लान-2026 शुरू किया है। सरकार का दावा है कि इस बार सिर्फ घोषणा नहीं होगी, बल्कि जमीन पर काम भी दिखेगा। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में बड़ी बैठक की। इसमें कई मंत्री, अफसर, ट्रैफिक पुलिस और दिल्ली मेट्रो के अधिकारी मौजूद रहे।बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की हवा साफ करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। सबसे बड़ा फैसला वाहनों को लेकर हुआ है। अब नो पीयूसी-नो फ्यूल नियम सख्ती से लागू होगा। यानी जिस गाड़ी के पास प्रदूषण जांच का वैध कागज नहीं होगा, उसे पेट्रोल या डीजल नहीं मिलेगा।इसके लिए कैमरे और ऑनलाइन सिस्टम लगाए जाएंगे। सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि 1 नवंबर 2026 से दिल्ली में वही भारी वाहन आ सकेंगे जो बीएस-6, सीएनजी या इलेक्ट्रिक होंगे।



**असम विधानसभा चुनावों से पहले, करीमगंज के रामकृष्ण नगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने एक जनसभा को संबोधित किया।**

## दिल्ली में कुख्यात बदमाश 'गंजा' का एनकाउंटर, 75 से ज्यादा अपराधों में था वॉन्टेड

*नई दिल्ली, (आरएनएस)। नई दिल्ली के बदरपुर इलाके में दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (STF) को बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार देर रात पुलिस और एक बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी मोहम्मद सलीम उर्फ 'गंजा' घायल हो गया। गोली लगने के बाद उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नासिर और दानिश पहलवान गिरोह का सक्रिय सदस्य मोहम्मद सलीम किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से बदरपुर आने वाला है। सूचना के आधार पर STF ने इलाके में घेराबंदी कर जाल बिछाया। जैसे ही सलीम मौके पर पहुंचा, पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन खुद को घिरता देख उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह मौके पर ही काबू में आ गया।मोहम्मद सलीम उर्फ 'गंजा' लंबे समय से दिल्ली पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, चोरी और सेंधमारी सहित 75 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह 20 से ज्यादा गंभीर मामलों में फरार चल रहा था। सलीम का नाम चर्चित गैंगस्टर सलीम पहलवान की हत्या में भी सामने आया था और वह फिलहाल नासिर-दानिश पहलवान गिरोह के लिए काम कर रहा था।मुठभेड़ के बाद पुलिस ने मौके से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया है।*

## अमृतसर पुलिस ने आईईडी और अन्य संदिग्ध सामग्री के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

अमृतसर,(आरएनएस) । पंजाब के अमृतसर देहाती पुलिस ने आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) और अन्य संदिग्ध सामग्री के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर पाकिस्तान से जुड़े तस्करों के संपर्क में था।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरमन सिंह पुत्र मेजर सिंह, निवासी गांव उमरपुरा, तहसील अजनाला के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने फरवरी 2026 में पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के निर्देश पर आईईडी और अन्य विस्फोटक सामग्री प्राप्त की थी। पुलिस को शक है कि वह किसी बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।यह कार्रवाई सीआईए टीम अमृतसर देहाती और थाना अजनाला पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए ऑपरेशन के दौरान की गई। खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की।पुलिस के अनुसार हरमन सिंह के पास से करीब 530 ग्राम आईईडी, एक पीटीडी स्विच, एक वोल्टेज बैटरी और एक बिना नंबर का मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।

# कांग्रेस का उद्देश्य जनता में दहशत फैलाकर राजनीतिक लाभ प्राप्त करना : पीएम मोदी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की पश्चिम एशिया संकट के बारे में गैर-जिम्मेदाराना और बेतुकी टिप्पणियों के लिए आलोचना की, जिससे खाड़ी देशों में काम करने वाले लाखों भारतीयों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। पथानामथिट्टा के तिरुवल्ला में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर भारत के विरुद्ध शत्रुतापूर्ण बयान देकर पश्चिम एशियाई देशों के साथ अविश्वास पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य जनता में दहशत फैलाकर राजनीतिक लाभ प्राप्त करना और भारतीय प्रवासियों के जीवन को खतरे में डालकर भी उन पर गालियां बरसाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि पश्चिम एशियाई देश भारत को अपना दुश्मन मानें, कि हम यहाँ कोई गलती करें, कोई बयान दें, और खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों को परेशानी हो, इसलिए कांग्रेस ऐसे बयान दे रही है जिससे खाड़ी देश नाराज हों। कांग्रेस दहशत फैलाना चाहती है, और मोदी पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का मौका चाहती है। केरलवासियों की सुरक्षा को अपनी सर्वोपरि बताते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव अस्थायी होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं कांग्रेस, एलडीएफ और यूडीएफ के लोगों से कहना चाहता हूँ कि राजनीति का अपना स्थान है और चुनाव आते-जाते रहेंगे, लेकिन मेरे लिए वहाँ रहने वाले लाखों केरलवासियों की सुरक्षा प्राथमिकता है, और मैं इसके लिए प्रतिबद्ध हूँ। मोदी ने आगे कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों की 'साजिशों' को उजागर कर दिया है, जो इस क्षेत्र में रहने वाले भारतीयों के बीच अविश्वास पैदा करने के लिए बयान दे रहे हैं।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम मेदिनीपुर के खड़गपुर सदर में पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष की नेता और नंदीग्राम निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और पार्टी नेता दिलीप घोष के समर्थन में रोड शो किया।

## तिरंगा लगे जहाज ने होर्मुज जलडमरूमध्य किया पार, अब भी 17 भारतीय जहाज फंसे

**-भारत पहुंचने पर एलपीजी को लेकर चल रही किल्लत से मिलेगी राहत**



नई दिल्ली,(ए)। मिडिल ईस्ट संकट के बीच शुक्रवार को सातवां भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर, ग्रीन सानवी, होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर गया। पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक छह एलपीजी ले जाने वाले जहाज होर्मुज स्ट्रेट पार करके भारतीय बंदरगाहों पर पहुंच चुके हैं। अब सातवां टैंकर भी होर्मुज क्रॉस करके भारत की ओर बढ़ रहा है। इस जहाज पर करीब 44,000 मीट्रिक टन से अधिक एलपीजी है। इसके आने से एलपीजी को लेकर चल रही किल्लत से राहत मिलेगी। होर्मुज के पश्चिम में अब भी 17 भारतीय जहाज फंसे हैं। इनमें दो एलपीजी से लदे जहाज ग्रीन आशा और जग विक्रम हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक एलपीजी से लदे ये दोनों जहाज ग्रीन आशा और जग विक्रम भी जल्द ही होर्मुज से निकलकर भारत की ओर रवाना हो सकते हैं। जानकारों ने बताया कि तीन एलपीजी ले जाने वाले भारतीय जहाज वर्तमान में फारस की खाड़ी स्थित अबू मूसा द्वीप के उत्तर-पूर्व में भटक रहे हैं। वे भारतीय नौसेना के निर्देशों का पालन करते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य से निकलने के आदेश की प्रतीक्षा में हैं। इस बीच एक विदेशी जहाज, जो कथित तौर पर ईरान से भारत के लिए तेल ले जा रहा था, उसने अपनी यात्रा के दौरान ही अपना डेस्टिनेशन प्वाइंट अचानक बदल दिया। अब वह चीन की ओर बढ़ रहा है। वैश्विक विश्लेषण फर्म केप्लर के प्रमुख विश्लेषक ने कहा कि ईरानी कच्चे तेल के मामले में इस तरह की यात्रा के दौरान गंतव्य परिवर्तन कोई नई बात नहीं है।

# मैं बोलना नहीं चाहता था, मगर चुप रहता तो बार-बार दोहराया गया झूठ भी सच लगने लगता : राघव चड्ढा

## आम आदमी पार्टी द्वारा लगातार आरोप झेल रहे राघव चड्ढा का पलटवार



नई दिल्ली (ए.)। राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाए गए आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने नरम मुद्दों को उठाने के आरोपों के जवाब में अपने बचाव में एक और वीडियो जारी किया है। वीडियो के साथ उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैं बोलना नहीं चाहता था, मगर चुप रहता तो बार-बार दोहराया गया झूठ भी सच लगने लगता। उन्होंने कहा कि कल से मेरे खिलाफ एक सुनियोजित अभियान चल रहा है। वही भाषा, वही शब्द, वही आरोप। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हमला है। आप नेता ने कहा कि पहले तो मैंने सोचा कि मुझे जवाब नहीं देना चाहिए। फिर मैंने सोचा कि अगर झूठ को सौ बार दोहराया जाए, तो शायद कुछ लोग उस पर विश्वास कर लें। इसलिए मैंने जवाब देने का फैसला किया। आम आदमी पार्टी ने तीन आरोप लगाए हैं और कहा है कि इन तीन आरोपों के कारण वे राघव चड्ढा को संसद में बोलने का मौका नहीं देंगे। पहला आरोप यह है कि जब विपक्ष संसद से वॉकआउट करता है, तो राघव चड्ढा वहीं बैठे रहते हैं। वे वॉकआउट नहीं करते। यह सरासर झूठ है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दूसरा आरोप यह है कि राघव चड्ढा ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव, उन्हें हटाने की याचिका पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। यह भी एक सरासर झूठ है। आम आदमी पार्टी के किसी भी नेता ने मुझसे इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के लिए नहीं कहा—न औपचारिक रूप से और न ही अनौपचारिक रूप से। और राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के कुल 10 सांसद हैं, जिनमें से छह या सात ने खुद इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए।

# महिला प्रधान फिल्मों का कम होना चिंता का विषय : भूमि पेडनेकर

मुंबई (ए.)। मुख्यधारा सिनेमा में महिलाओं के नेतृत्व वाली कहानियां धीरे-धीरे कम होती जा रही हैं। यह कहना है अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का। अभिनेत्री का मानना है कि पहले की तुलना में अब ऐसी फिल्में कम बन रही हैं, जिनमें महिला किरदार कहानी के केंद्र में हों। उन्होंने इसे निराशाजनक बताते हुए कहा कि महिलाओं की कहानियां न सिर्फ मनोरंजन करती हैं, बल्कि समाज को नई दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके अनुसार, इस तरह की फिल्मों का कम होना



सिनेमा के विविधता और गहराई दोनों के लिए चिंता का विषय है। अपने करियर के शुरुआती दौर को याद करते हुए भूमि ने बताया कि उन्होंने हमेशा अलग और चुनौतीपूर्ण किरदारों को चुनने की कोशिश की है। उन्होंने वर्ष 2015 में दम लगा के हईशा से अपने अभिनय सफर की शुरुआत की थी।

इस फिल्म में उनके प्रदर्शन को काफी सराहा गया और इसके बाद उन्होंने लगातार ऐसी फिल्मों में काम किया, जो सामाजिक मुद्दों को सामने लाती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं। भूमि पेडनेकर ने यह भी कहा कि भले ही बड़े पर्दे पर महिला प्रधान कहानियों की संख्या घट रही हो, लेकिन डिजिटल प्लेटफॉर्म इस कमी को काफी हद तक पूरा कर रहे हैं। उनके अनुसार, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्रियों को ज्यादा सशक्त और विविध किरदार निभाने के अवसर मिल रहे हैं। यहां की कहानियां अधिक वास्तविक, साहसी और प्रयोगधर्मी होती हैं, जो कलाकारों को अपनी प्रतिभा का पूरा दायरा दिखाने का मौका देती हैं।

उन्होंने आगे कहा कि महिलाएं हमेशा से ही अपने किरदारों के चयन में साहसिक रही हैं और वे ऐसे रोल्स को प्राथमिकता देती हैं, जो सिर्फ मनोरंजन तक सीमित न होकर समाज को कुछ नया सोचने के लिए प्रेरित करें। भूमि के मुताबिक, ओटीटी प्लेटफॉर्म इस तरह के प्रयोगों के लिए एक उपयुक्त मंच बनकर उभरे हैं, जहां कलाकार बिना किसी दबाव के अपने काम को बेहतर तरीके से प्रस्तुत कर सकते हैं। अभिनेत्री का कहना है कि ऐसे प्रोजेक्ट्स उन्हें न सिर्फ एक कलाकार के रूप में आगे बढ़ने का अवसर देते हैं, बल्कि उन्हें नई चुनौतियों का सामना करने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

# वड़ा पाव गर्ल चंद्रिका दीक्षित ने पति पर फिर लगाए बेवफाई के इल्जाम, बोलीं- 'दो औरतों के साथ अय्याशी'

सोशल मीडिया पर वड़ा पाव गर्ल के नाम से मशहूर हुई चंद्रिका दीक्षित आगे चलकर इंफ्लुएंसर बन गईं। साथ ही बिग बॉस ओटीटी 3 में भी नजर आईं। इन दिनों वह पति के साथ वैवाहिक विवाद को लेकर चर्चा में हैं। चंद्रिका ने पति पर धोखा देने के आरोप पहले लगाए थे। अब इसी मामले पर वह खुलकर बोली हैं। जानिए, अपने पति को लेकर क्या बोलीं चंद्रिका दीक्षित।

**अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बोलीं चंद्रिका**

सिद्धार्थ कानन के पॉडकास्ट में चंद्रिका दीक्षित इमोशनल नजर आईं। वह कहती हैं, 'उसने (पति) पता नहीं गुस्से मे बोला लेकिन कहा कि दो-दो औरतों के साथ अय्याशी कर रहा है। मैं उन औरतों का नाम तक नहीं जानती हूं, ना जानना चाहती हूं। मैं अपने पति के बारे में जानती हूं। मैं उसकी जिंदगी में आने वाली पहली लड़की थी, उसने हर बात मुझसे शेयर की। अब वह किसी और से यह बातें शेयर कर रहा है तो मुझे



बुरा लगेगा ही।' इस तरह एक बार फिर चंद्रिका ने पति द्वारा धोखा दिए जाने की बात को जगजाहिर किया है।

**पहले भी कंट्रोवर्सी से घिरी रही हैं चंद्रिका**

जब चंद्रिका वड़ा पाव बेचकर सोशल मीडिया पर पॉपुलर हुई थीं तो इस दौरान कई लोगों से उनका झगड़ा हुआ। यह झगड़े भी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रहे। इसी वजह से चंद्रिका पॉपुलर हुईं। वह इंफ्लुएंसर के तौर पर एक्टिव हो गईं। बाद में वह बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में भी दिखीं। इंस्टाग्राम पर भी चंद्रिका के 5 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, वह फनी रील्स भी बनाती हैं।

हाल ही में पति से झगड़े के बाद वह एक शख्स के साथ इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाती हैं। सोशल मीडिया यूजर्स को लगता है कि चंद्रिका जल्द ही पति से अपना रिश्ता खत्म करके नए शख्स के साथ शादी करेंगी। लेकिन इस बारे में चंद्रिका की तरफ से अभी कुछ नहीं कहा गया है।

# AAP उपनेता पद से हटाए जाने के बाद राघव चड्ढा के सपोर्ट में आईं प्रियंका चोपड़ा, वायरल हुआ एक्ट्रेस का रिएक्शन



परिणीति चोपड़ा के पति और सांसद राघव चड्ढा पर गाज गिरी है। उन्हें आम आदमी पार्टी ने डिप्टी लीडर के पद से हटा दिया है। अब उनकी जगह अशोक मित्तल राज्यसभा में आम आदमी पार्टी की ओर से उपनेता होंगे। साथ ही आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को सूचित किया है कि राघव चड्ढा को संसद में बोलने के लिए समय आवंटित न किया जाए।

राघव ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया जवाबी वीडियो

इन सब का जवाब देते हुए राघव ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'खामोश करवाया गया हूं, हारा नहीं हूं। आम आदमी को मेरा संदेश।' इसके बाद से ही राघव सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। कई लोग आप के इस फैसले के बाद राघव चड्ढा के समर्थन में सामने आए हैं, क्योंकि वे सदन में मिडिल क्लास आदमी के हक में बात करते आए हैं।

**प्रियंका चोपड़ा ने किया रिएक्ट**

इस मामले पर प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म नहीं बल्कि उनका अपने जीजू राघव चड्ढा के लिए सपोर्ट है। राघव के इस वीडियो पर प्रियंका चोपड़ा ने भी रिएक्ट किया और कमेंट में ताली और दिल वाले इमोजी के जरिए उनका समर्थन जताया। उनका यह छोटा सा रिएक्शन ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और लोगों का ध्यान खींचने लगा।

**प्रियंका चोपड़ा के जीजू हैं राघव चड्ढा**

बता दें कि राघव चड्ढा की शादी एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा से हुई है, जो प्रियंका चोपड़ा की कजिन हैं। ऐसे में प्रियंका का यह सपोर्ट सिर्फ पब्लिक नहीं बल्कि फैमिली बॉन्ड भी दिखाता है। अब यह मामला सिर्फ राजनीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बॉलीवुड और सोशल मीडिया में भी चर्चा का बड़ा विषय बन गया है।

# फिल्म धुरंधरः द रिवेंज की तारीफ करते नहीं थक रहे सितारे



मुंबई (ए.)। बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के बड़े सितारे भी फिल्म धुरंधरः द रिवेंज की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। फिल्म की अभिनेता विक्की कौशल और ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म की पूरी टीम की खुलकर प्रशंसा की है। विक्की कौशल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए फिल्म को लेकर अपनी प्रतिक्रिया साझा की।

उन्होंने फिल्म देखने के बाद इसे बेहद प्रभावशाली बताते हुए लिखा कि उन्हें इसे देखकर आश्चर्य, खुशी और गर्व तीनों का एहसास हुआ। उन्होंने निर्देशक आदित्य धर की मेहनत, ईमानदारी और विजन की जमकर सराहना की। विक्की ने लिखा कि जिस तरह से फिल्म को तैयार किया गया है, वह सोने के समान कीमती है और इसके लिए आदित्य धर बधाई के पात्र हैं। विक्की कौशल ने फिल्म के मुख्य अभिनेता रणवीर सिंह की परफॉर्मेंस की भी जमकर तारीफ की।

उन्होंने कहा कि रणवीर उन्हें हमेशा प्रेरित करते हैं और एक अभिनेता के रूप में उनकी ऊर्जा और अभिनय शैली बेहद खास है। इसके अलावा उन्होंने आर माधवन और राकेश बेदी के काम की भी सराहना की, जबकि मुस्तफा अहमद के अभिनय को मनोरंजक बताया। फिल्म के तकनीकी पहलुओं की बात करते हुए विक्की ने एडिटर शिवकुमार के काम को अब तक का सर्वश्रेष्ठ बताया। वहीं उन्होंने संगीतकार शाश्वत सचदेव के संगीत की भी प्रशंसा करते हुए खुद को उनका प्रशंसक बताया। इसके साथ ही उन्होंने प्रोडक्शन से जुड़ी कंपनियों और टीम के सदस्यों जियो स्टूडियोज, ज्योति देशपांडे, लोकेश धर और बी62 स्टूडियोज को बधाई देते हुए कहा कि पूरी टीम ने मिलकर शानदार काम किया है और वे सभी सच में 'धुरंधर' हैं।

वहीं प्रियंका चोपड़ा ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, अक्षय खन्ना, संजय दत्त, सारा अर्जुन और राकेश बेदी समेत पूरी कास्ट को बधाई दी। प्रियंका ने विशेष रूप से निर्देशक आदित्य धर की सराहना करते हुए कहा कि वह एक मिशन के साथ काम करने वाले फिल्ममेकर हैं और यह फिल्म हर पहलू में शानदार है।

# अक्षरा सिंह ने सिलेंडर को लेकर किया मजेदार वीडियो शेयर



मुंबई (ए.)। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच बाजार में सिलेंडर की कालाबाजारी को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। विशेषकर कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी ने महंगाई की चिंता को और बढ़ा दिया है। इस विषय को भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने अपने खास अंदाज में पेश करते हुए सोशल मीडिया पर एक मजेदार वीडियो साझा किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है।

अक्षरा सिंह द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो में उनके घर का एक हल्का-फुल्का और हास्य से भरपूर माहौल देखने को मिलता है। वीडियो की शुरुआत में उनकी मां लगातार फोन पर लोगों से गैस सिलेंडर के बारे में बातचीत करती नजर आती हैं। बार-बार सिलेंडर का जिक्र सुनकर अक्षरा को लगता है कि शायद घर में गैस खत्म हो गई है और इसी वजह से उनकी मां परेशान हैं। हालांकि जब अक्षरा अपनी मां से इस बारे में सवाल करती हैं, तो कहानी में मजेदार मोड़ आता है। उनकी मां हंसते हुए बताती हैं कि घर में पहले से ही तीन गैस सिलेंडर मौजूद हैं और वे उन्हें 'ब्लैक' में बेचने की योजना बना रही हैं। वजह भी उतनी ही दिलचस्प है—आने वाली एनिवर्सरी के लिए शॉपिंग करनी है और इसके लिए अतिरिक्त पैसे जुटाने का यह 'जुगाड़' तैयार किया गया है। वीडियो में मां-बेटी की केमिस्ट्री और संवाद दर्शकों को खूब पसंद आ रहे हैं। दोनों के बीच की नोकझोंक और हास्य से भरे संवाद इस गंभीर मुद्दे को भी हल्के-फुल्के अंदाज में पेश करते हैं, जिससे दर्शक न सिर्फ हंसते हैं बल्कि मौजूदा हालात पर सोचने को भी मजबूर होते हैं।

### बाहर निकलना सिर्फ एक भ्रम है, कार्तिक सुब्बाराज ने जारी किया गेम प्ले का फर्स्ट पोस्टर

दक्षिण भारतीय सिनेमा में थ्रिलर और क्राइम-बेस्ड फिल्मों को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस बीच फिल्म गेम प्ले काफी सुर्खियों में है, जो अपने अलग विषय और दमदार स्टारकास्ट की वजह से पहले ही दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। इस कड़ी में डायरेक्टर ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। मशहूर डायरेक्टर कार्तिक सुब्बाराज ने इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज किया।गेम प्ले एक फाइनेंशियल क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अभिनेता किशोर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। पोस्टर रिलीज होते ही फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है। कार्तिक सुब्बाराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की टीम को शुभकामनाएं दीं।

# धुरंधर-2 ने घरेलू स्तर पर किया 899.92 करोड़ का नेट कलेक्शन



मुंबई (ए.)। बॉलीवुड फिल्म धुरंधर 2 लगातार नए रिकॉर्ड अपने नाम कर रही है। रणवीर सिंह की इस फिल्म की कमाई में जहां सोमवार को हल्की गिरावट देखने को मिली थी, वहीं मंगलवार को एक बार फिर उछाल दर्ज किया गया है। अब तक फिल्म ने घरेलू स्तर पर 899.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है, जबकि भारत में इसका ग्रॉस कलेक्शन 1,077.41 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। वहीं वैश्विक स्तर पर फिल्म ने 1,435.41 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है और अब इसकी नजर 1500 करोड़ क्लब में शामिल होने पर टिकी है। रिलीज के 13वें दिन, जो कि फिल्म का दूसरा मंगलवार भी था, धुरंधर 2 ने 33.22 करोड़ रुपये का कारोबार किया। यह आंकड़ा सोमवार की 30.28 करोड़ रुपये की कमाई के मुकाबले बेहतर रहा, जिससे साफ है कि फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। दिन की शुरुआत धीमी रही थी, सुबह 8 बजे तक फिल्म ने 0.56 करोड़, 9 बजे तक 0.82 करोड़, 11 बजे तक 1.23 करोड़ और दोपहर 12 बजे तक करीब 3.30 करोड़ रुपये की कमाई दर्ज की थी, जिसके बाद शाम और रात के शो में तेजी आई।

फिल्म को सिर्फ दर्शकों का ही नहीं, बल्कि विशेषज्ञों का भी समर्थन मिल रहा है। पूर्व डिप्टी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर पंकज सरन ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यह फिल्म पहले भाग से भी बेहतर लगी। उन्होंने फिल्म के प्रोडक्शन और सिनेमाई प्रस्तुति को शानदार बताया और माना कि इसने भारतीय सिनेमा में एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है। वहीं फिल्म निर्माता इम्तियाज अली ने भी फिल्म की सफलता पर खुशी जताते हुए टीम को बधाई दी और दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने के लिए सराहा। रिकॉर्ड्स की बात करें तो धुरंधर 2 ने 13 दिनों के कलेक्शन के आधार पर अपने पहले भाग धुरंधर को पीछे छोड़ते हुए सबसे बड़ी हिंदी नेट ग्रॉसर फिल्म बनने का रिकॉर्ड बना लिया है। इसने पुष्पा 2, स्त्री 2 और छावा जैसी फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है।

वहीं वर्ल्डवाइड कमाई के मामले में इसने जवान, केजीएफ 2 और आरआरआर को भी पछाड़ दिया है। अब फिल्म की नजर पुष्पा 2 (1742.10 करोड़), बाहुबली 2 (1810.60 करोड़) और दंगल (2070.3 करोड़) जैसे बड़े रिकॉर्ड्स पर है। अगर फिल्म इसी रफ्तार से आगे बढ़ती रही तो यह भारतीय सिनेमा के इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित कर सकती है। धुरंधर 2 का निर्देशन आदित्य धर ने किया है। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, सारा अर्जुन और राकेश बेदी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म 19 मार्च को रिलीज हुई थी, जबकि पेड प्रीव्यू के जरिए इसने एक दिन पहले ही कमाई शुरू कर दी थी।

# रणबीर ने बताई 'रामायण' में अपने किरदार के बारे में दिलचस्प बातें

मुंबई (ए.)। हाल ही में न्यूयॉर्क में फिल्म रामायण की टीम के साथ इसकी पहली झलक पेश की गई, जहां अभिनेता रणबीर कपूर ने 'जय श्री राम' के जयकारे के साथ अपने किरदार को लेकर कई दिलचस्प बातें साझा कीं। उन्होंने खुलासा किया कि इस भूमिका के लिए खुद को किस तरह तैयार किया और क्यों शुरुआत में इस रोल को ठुकरा दिया था।




इवेंट के दौरान वायरल हो रहे वीडियो में रणबीर कपूर ने बताया कि भगवान राम के किरदार में ढलने के लिए उन्होंने सबसे पहले रामानंद सागर की रामायण देखी। उन्होंने कहा कि यह शो भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है और हर भारतीय के दिल में भगवान राम की कहानी गहराई से बसी हुई है। रणबीर ने बताया कि इस किरदार को निभाने के लिए उन्हें शारीरिक ही नहीं, बल्कि भावनात्मक और आध्यात्मिक स्तर पर भी खुद को तैयार करना पड़ा। उनका मानना है कि इस भूमिका को निभाने के लिए सच्चाई और ईमानदारी बेहद जरूरी है। रणबीर कपूर ने यह भी बताया कि जब फिल्म के निर्माता नमित मल्होत्रा ने उन्हें करीब चार साल पहले इस फिल्म का प्रस्ताव दिया था, तब उन्होंने तुरंत इसे अस्वीकार कर दिया था। उस समय उन्हें लगा कि वह इस किरदार के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे और इसके लिए उपयुक्त नहीं हैं। हालांकि समय के साथ उनकी सोच में बदलाव आया। अभिनेता ने बताया कि उनके जीवन में एक खास मोड़ तब आया जब वह पिता बने।

उनकी बेटी राहा के जन्म के साथ ही उन्हें इस फिल्म का प्रस्ताव दोबारा मिला, जिसने उनकी सोच को पूरी तरह बदल दिया। रणबीर ने कहा कि यह उनके जीवन का एक भावनात्मक दौर था, जहां वह अपने जीवन और जीवनशैली में बदलाव लाना चाहते थे। ऐसे में भगवान राम का किरदार निभाने का मौका मिलना उनके लिए एक खास संयोग साबित हुआ, जिसने उनकी जिंदगी को नई दिशा दी।

फिल्म के निर्माता नमित मल्होत्रा ने भी बताया कि रामायण को बड़े स्तर पर तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिल्म का विजुअल स्केल और तकनीकी काम अंतरराष्ट्रीय फिल्मों जैसे द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स और अवतार से प्रेरित है, जबकि इसकी भावनात्मक गहराई ग्लेडिएटर जैसी होगी। फैंस के लिए खास बात यह है कि फिल्म की पहली झलक 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के मौके पर जारी की जाएगी। रामायण का निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं।

## 12 लाख से 21 करोड़ तक का सफर, आईपीएल में विराट कोहली बने सबसे महंगे सितारों में शामिल

नई दिल्ली (ए.)। विराट कोहली का नाम आईपीएल के सबसे सफल और भरोसेमंद खिलाड़ियों में शुमार किया जाता है। खास बात यह है कि कोहली उन गिने-चुने खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने 2008 में लीग की शुरुआत से लेकर अब तक अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चेलेंजर बेंगलुरु का साथ नहीं छोड़ा। उनका यह सफर न केवल प्रदर्शन के लिहाज से, बल्कि कमाई के मामले में भी बेहद शानदार रहा है। साल 2008 में जब कोहली को अंडर-19 टीम से स्काउट कर आरसीबी में शामिल किया गया था, तब उनकी सैलरी महज 12 लाख रुपये थी। शुरुआती तीन सीजन तक वह इसी रकम पर टीम के लिए खेलते रहे। हालांकि, उनकी प्रतिभा और निरंतर प्रदर्शन को देखते हुए फ्रेंचाइजी को जल्द ही यह एहसास हो गया कि वह लंबे समय तक टीम की रीढ़ बन सकते हैं।यही वजह रही कि 2013 में उन्हें टीम की कमान सौंपी गई और उन्होंने 2021 तक कप्तानी करते हुए आरसीबी को नई पहचान दिलाई। इस दौरान उनकी सैलरी में भी लगातार इजाफा होता गया। अगर



उनके पहले सीजन की सैलरी की तुलना मौजूदा कमाई से की जाए, तो यह करीब 175 गुना तक बढ़ चुकी है। आईपीएल 2026 में विराट कोहली की सैलरी 21 करोड़ रुपये है, जो उन्हें लीग के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ियों में शामिल करती है। वह न सिर्फ टीम के प्रमुख बल्लेबाज हैं, बल्कि ब्रांड वैल्यू के लिहाज से भी आरसीबी के सबसे बड़े चेहरे बने हुए हैं। क्रिकेट के अलावा भी कोहली की पहचान एक बड़े ब्रांड के रूप में स्थापित हो चुकी है। विज्ञापनों, ब्रांड एंडोर्समेंट और बिजनेस निवेश के जरिए उनकी कमाई लगातार बढ़ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति 1100 करोड़ रुपये से अधिक आंकी जाती है, जो उन्हें दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेटरों में शामिल करती है। विराट कोहली का यह सफर दर्शाता है कि प्रतिभा, मेहनत और निरंतरता के दम पर एक खिलाड़ी किस तरह नई ऊंचाइयों को छू सकता है और खेल के साथ-साथ आर्थिक सफलता भी हासिल कर सकता है।

## आईपीएल 2026: सीएसके की गेंदबाजी पर गावस्कर की चिंता, बोले- 230 रन भी नहीं होंगे सुरक्षित

नई दिल्ली (ए.)। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने चेन्नई सुपर किंग्स की मौजूदा हालत पर चिंता जताते हुए कहा है कि टीम की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी गेंदबाजी बनती जा रही है। आईपीएल 2026 में शुरुआती दोनों मुकाबले हारने के बाद सीएसके दबाव में है, जिसमें पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार भी शामिल है।

गावस्कर ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए साफ है कि सीएसके को अपनी गेंदबाजी पर तुरंत काम करना होगा। उनके मुताबिक, मौजूदा टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी इतनी मजबूत हो चुकी है कि सिर्फ 200 या 210 रन बनाना काफी नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएसके को मैच जीतने के लिए लगातार 225 से 230 रन के बड़े स्कोर बनाने पड़ सकते हैं, तभी गेंदबाजों को थोड़ा सहारा मिलेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आज की टीमों में बल्लेबाजी की गहराई काफी बढ़ गई है। पंजाब किंग्स जैसी टीम में सातवें नंबर पर मार्कस स्टोइनिस जैसे विस्फोटक बल्लेबाज मौजूद हैं, जिससे लक्ष्य का बचाव करना और भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में सीएसके को अपनी गेंदबाजी इकाई को मजबूत करना ही होगा।

इस बीच, युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे की गावस्कर ने जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि म्हात्रे के लिए बल्लेबाजी क्रम में तीसरा स्थान सबसे उपयुक्त नजर आता है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले मैच में पहली ही गेंद पर आउट होने के बावजूद युवा खिलाड़ी ने आत्मविश्वास नहीं खोया और शानदार वापसी की। गावस्कर के अनुसार, नई पीढ़ी के खिलाड़ियों की यही खासियत है कि वे अतीत को पीछे छोड़कर वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करते हैं। गावस्कर ने रोहित शर्मा की फिटनेस में आए बदलाव की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि रोहित ने अपनी शारीरिक स्थिति पर



कड़ी मेहनत की है, जिसका असर उनके खेल में साफ दिखाई दे रहा है। उनका फुटवर्क पहले से तेज हुआ है और ऊर्जा भी ज्यादा नजर आ रही है, जिससे वे क्रीज पर ज्यादा समय बिता पा रहे हैं।

वहीं, भारत के एक अन्य अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने पंजाब के युवा खिलाड़ी प्रियांश आर्य की विस्फोटक पारी की सराहना की। पुजारा ने कहा कि प्रियांश गेंद की लेंथ को बहुत जल्दी समझ लेते हैं और खासकर शॉर्ट गेंदों पर आक्रामक शॉट खेलने में माहिर हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ऐसे बल्लेबाजों के सामने गेंदबाजों के लिए गलती की गुंजाइश बेहद कम रह जाती है। कुल मिलाकर, विशेषज्ञों का मानना है कि अगर चेन्नई सुपर किंग्स को टूर्नामेंट में वापसी करनी है, तो उसे अपनी गेंदबाजी में जल्द सुधार करना होगा, वरना आगे की राह और मुश्किल हो सकती है।

## पिच पर सिक्का रख गेंदबाजी करता था ये खिलाड़ी, बिना रन दिए लगातार 131 गेंद फेंकने का रिकॉर्ड

नई दिल्ली ( आरएनएस)। क्रिकेट में उन खिलाड़ियों की अहमियत हमेशा से रही है जो अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी के दम पर टीम के पक्ष में मैच पलटने की पूरी ताकत रखते हैं। बापू नादकर्णी एक ऐसे ही खिलाड़ी रहे जिन्होंने टेस्ट फॉर्मेट में भारतीय टीम के लिए गेंद और बल्ले से उस दौर में टीम इंडिया के लिए शानदार प्रदर्शन किया जब भारतीय क्रिकेट टीम एक युवा टीम मानी जाती थी।



बापू नाडकर्णी का जन्म 4 अप्रैल 1933 को नासिक में हुआ था। उनका पूरा नाम रमेशचंद्र गंगाराम 'बापू' नाडकर्णी था। नाडकर्णी को क्रिकेट बचपन से पसंद था। वह मूल रूप से एक गेंदबाज थे, लेकिन कड़ी मेहनत की बदौलत अपनी बल्लेबाजी से भी उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छाप छोड़ी। कहा जाता है कि जब वह नेट्स में अभ्यास करते थे तो पिच पर एक सिक्का रखते थे, और हर बॉल पर सिक्के को मारने की कोशिश करते थे।

बापू नाडकर्णी ने दिसंबर (16 से 21 दिसंबर) 1955 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच दिल्ली में खेला था। न्यूजीलैंड के खिलाफ ही ऑकलैंड में (7 से 12 मार्च तक) 1968 में अपना आखिरी टेस्ट खेला था। 13 साल के करियर में बाएं हाथ से बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी करने वाले नाडकर्णी ने भारत के लिए 41 टेस्ट खेले। 67 पारियों में 1 शतक और 7 अर्धशतक की मदद से 1,414 रन और 88 विकेट उनके नाम दर्ज हैं। नाडकर्णी ने 12 जनवरी 1964 को मद्रास में इंग्लैंड के खिलाफ बिना कोई रन दिए लगातार 21.5 ओवर (131 गेंदें) फेंके थे, जो एक रिकॉर्ड है। मुंबई और महाराष्ट्र के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले नाडकर्णी ने 191 प्रथम श्रेणी मैचों में 14 शतक और 46 अर्धशतक की मदद से 8,880 रन बनाने के अलावा 500 विकेट भी लिए थे। 17 जनवरी 2020 को नाडकर्णी का निधन पुणे, महाराष्ट्र में हो गया था। नाडकर्णी महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के मेंटर रहे थे।गावस्कर ने उनके निधन के बाद कहा था कि उनका पसंदीदा शब्द 'छोड़ो मत' था। इसका अर्थ था कि आप भारत के लिए खेल रहे हैं। हिम्मत रखिए और आगे बढ़िए।

## दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हराया, रिजवी ने 51 गेंदों में 90 रन बनाए



नई दिल्ली (ए.)। आईपीएल के मौजूदा सीजन में दिल्ली कैपिटल्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मुंबई इंडियंस को उनके घरेलू मैदान के बाद अब अपने घर में भी पटखनी दे दी है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 162 रनों का स्कोर बनाया था, जिसे दिल्ली ने 18.2 ओवरों में ही 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

दिल्ली की जीत के सबसे बड़े नायक समीर रिजवी रहे। रिजवी ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मुंबई के गेंदबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। रिजवी ने मात्र 51 गेंदों में 90 रन बनाए, जिसमें 7 छक्के और 7 चौके शामिल थे। उन्होंने डेविड मिलर के साथ मिलकर 5वें विकेट के लिए 78 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की।

यह रिजवी का इस आईपीएल सीजन का तीसरा और लगातार दूसरा अर्धशतक है।

इससे पहले नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या के पूरी तरह फिट न होने के कारण आज मुंबई इंडियंस की कमान सूर्यकुमार यादव ने संभाली। सूर्यकुमार ने कप्तानी पारी खेलते हुए 51 रन बनाए। रोहित शर्मा ने 35 और नमन धीर ने 28 रनों का योगदान दिया। दिल्ली के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही मुंबई पर दबाव बनाए रखा। मुकेश कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट झटके। उनके अलावा अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, विपराज निगम और टी नटराजन ने 1-1 विकेट लेकर मुंबई को बड़े स्कोर तक पहुँचने से रोका।

## नीलामी में गेंदबाजों को मिस करना पड़ा भारी, फ्लेमिंग

नई दिल्ली (ए.)। चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में लगातार दूसरी हार के बाद टीम की रणनीति पर सवाल उठने लगे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ 210 रन जैसा बड़ा स्कोर खड़ा करने के बावजूद चेन्नई इसे बचा नहीं सकी। इस हार के बाद टीम के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने माना कि नीलामी के दौरान कुछ अहम गेंदबाजों को टीम में शामिल न कर पाना अब भारी पड़ रहा है।फ्लेमिंग ने कहा कि टीम मैनेजमेंट ने ऑक्शन के दौरान कई गेंदबाजों पर गंभीरता से विचार किया था, लेकिन परिस्थितियों के चलते वे उन्हें खरीद नहीं सके। उन्होंने स्वीकार किया कि जिन खिलाड़ियों को उस समय नजरअंदाज किया गया, वे अब शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके मुताबिक, टीम ने हर विकल्प पर चर्चा की थी, लेकिन अंत में कुछ



खिलाड़ियों को मिस कर दिया गया।चेन्नई की हार ने एक बार फिर गेंदबाजी विभाग की कमजोरियों को उजागर किया है। पंजाब के खिलाफ मैच में बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 209 रन बनाए, लेकिन गेंदबाज विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में नाकाम रहे। इस कारण बड़ा स्कोर भी टीम के काम नहीं आ सका। टी20 क्रिकेट के बदलते स्वरूप पर बात करते हुए फ्लेमिंग ने कहा कि अब पारंपरिक फिनिशर की भूमिका पहले जैसी नहीं रही।

## आईपीएल 2026 : एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका पर भड़के ललित मोदी, बीसीसीआई से की ये मांग

नई दिल्ली ( आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी एक बार फिर चर्चा में हैं। ललित मोदी ने आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका के खिलाफ विवादित टिप्पणी की है और बीसीसीआई से टीम को बैन करने की मांग की है।ललित मोदी ने एक्स पर लिखा, मैंने आपसे कहा था कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका पूरी तरह से लूजर और सबसे बड़ा जोकर है। मैं उसके बर्ताव से सच में शर्मिंदा हूं। मैंने आईपीएल को फैंस और खिलाड़ियों दोनों के लिए बनाया था, न कि हर बार, हर साल ऐसा होने के लिए।उन्होंने लिखा, अगर मैं अभी भी चेयरमैन और कमिश्नर होता, तो मैं उसे तुरंत बैन कर देता और टीम की ओनरशिप हमेशा के लिए छीन लेता। वह पूरी तरह से घमंडी जोकर है। इसी मुद्दे के लिए फ्रेंचाइजी अनुबंध में एक क्लॉज है। बीसीसीआई इसे लागू करे—ईमानदारी सबसे ऊपर रहे। सत्ता में बैठे लोगों की चापलूसी करना उसे बचने का तरीका नहीं है। फैंस और खिलाड़ी दोनों इसे याद रखेंगे। दरअसल, एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच 1 अप्रैल को इकाना स्टेडियम में हुए मैच में एलएसजी को हार का सामना करना पड़ा था।

# विदेश समाचार

## बस कुछ समय और, हम आसानी से खोल सकते हैं होर्मुज स्ट्रेट; युद्ध के बीच डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा ऐलान

वॉशिंगटन/तेहरान( आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति Donald Trump ने रणनीतिक रूप से बेहद अहम Strait of Hormuz को लेकर बड़ा बयान दिया है, जिससे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि 'थोड़े और समय के बाद हम आसानी से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोल सकते हैं, तेल ले सकते हैं और अच्छी कमाई कर सकते हैं।' यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका-इजरायल और Iran के बीच जारी संघर्ष दूसरे महीने में प्रवेश कर चुका है। हालांकि ट्रंप प्रशासन लगातार यह दावा करता रहा है कि युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा, लेकिन जमीनी हालात अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि Strait of Hormuz वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की रीढ़ है, जहां से दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में किसी भी तरह की सैन्य या राजनीतिक हलचल का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार पर पड़ सकता है। ट्रंप के बयान को कई विश्लेषक Iran पर दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देख रहे हैं।

## दुबई सरकार का बड़ा फैसला, अचानक बंद किया गया जेबेल अली में बना गुरुद्वारा; तत्काल प्रभाव से रोकी गई सभी धार्मिक सेवाएं

दुबई ( आरएनएस)। पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच छिड़े भीषण युद्ध का असर अब खाड़ी के अन्य देशों में भी देखने को मिल रहा है। बढ़ते सैन्य तनाव के बीच दुबई सरकार ने 3 अप्रैल को एक बड़ा कदम उठाते हुए जेबेल अली स्थित प्रतिष्ठित गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया है। गुरुद्वारा कमेटी के चेयरमैन सुरेंदर सिंह कंधारी ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया है कि उन्हें दुबई पुलिस की तरफ से गुरुद्वारे को बंद करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि यह फैसला किसी भी प्रकार के धार्मिक भेदभाव के चलते नहीं लिया गया है, बल्कि मौजूदा युद्ध के हालातों में आम जनता की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए उठाया गया है।

ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच लगातार बिगड़ते हालातों और सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए दुबई की कम्युनिटी डेवलपमेंट अथॉरिटी (CDA) ने यह सख्त और अहम फैसला लिया है। अथॉरिटी की ओर से अगले आदेश तक इस ऐतिहासिक गुरुद्वारे को बंद रखने का आधिकारिक पत्र भी जारी कर दिया गया है। खाड़ी देशों में युद्ध के विस्तार की आशंकाओं के बीच प्रशासन किसी भी तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहता है, जिसके चलते एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है।दुबई सरकार के आदेश के बाद गुरुद्वारा प्रबंधन ने एक आधिकारिक नोटिस जारी कर दिया है, जिसमें श्रद्धालुओं को तुरंत प्रभाव से सभी धार्मिक सेवाएं और दर्शन रोकने की सख्त सूचना दी गई है। प्रशासन की ओर से इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह का भी खुलासा किया गया है। प्रशासन का कहना है कि यह गुरुद्वारा जेबेल अली पोर्ट जैसे बेहद संवेदनशील और रणनीतिक ठिकाने के काफी करीब स्थित है। ऐसे में युद्ध के दौरान मिसाइल हमलों या मिसाइल इंटरसेप्शन (हवा में मिसाइल को नष्ट करना) की स्थिति में आसमान से गिरने वाले मलबे से जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। इसी खतरे को भांपते हुए इस समय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना ही सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## चांद के सफर पर निकले यात्रियों ने अंतरिक्ष से खींची पृथ्वी की हैरान करने वाली तस्वीरें, नजारा देख सब रह गए सन्न

वाशिंगटन (आरएनएस)। नासा के ऐतिहासिक चांद मिशन 'आर्टेमिस-2' पर निकले अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष से हमारी धरती की बेहद खूबसूरत तस्वीरें भेजी हैं। करीब 50 साल बाद इंसानों को चांद की ओर ले जा रहे इस मिशन के दौरान जब यात्रियों ने पीछे मुड़कर देखा, तो वे अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। नासा ने शुक्रवार को चालक दल की तरफ से भेजी गई पहली तस्वीरें जारी कीं। इन्हें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए नासा ने लिखा कि साल 1977 से लेकर अब तक बहुत कुछ बदल चुका है, लेकिन एक बात जो आज भी बिल्कुल वैसी ही है, वह यह है कि हमारी धरती अंतरिक्ष से आज भी उतनी ही चमकती हुई नजर आती है। पृथ्वी की इन मनमोहक तस्वीरों ने दुनिया भर के लोगों को हैरान कर दिया है।

### खिड़की से दिखा अद्भुत नजारा, स्पेसक्राफ्ट में छा गई खामोशी

इस मिशन का नेतृत्व कर रहे कमांडर रीड वाइजमैन ने जो पहली तस्वीर खींची है, उसमें ओरियन कैप्सूल की खिड़की से पृथ्वी का एक मनमोहक घुमावदार हिस्सा नजर आ रहा है। वहीं, उनके द्वारा ली गई दूसरी



तस्वीर में पूरी पृथ्वी दिखाई दे रही है, जिसमें नीले महासागर, सफेद बादलों की लहरें और यहां तक कि हरे रंग की ऑरोरा (उत्तरी रोशनी) भी अंतरिक्ष से चमकती हुई दिख रही है। कमांडर वाइजमैन ने अपने एक इंटरव्यू में बताया कि जब उन्होंने अपने कैप्सूल की खिड़की से पूरी पृथ्वी को एक साथ देखा, तो वह पल इतना अद्भुत था कि चारों अंतरिक्ष यात्री कुछ देर के लिए बिल्कुल चुप हो गए थे। उन्होंने इस अनुभव को अपनी जिंदगी के सबसे शानदार और भावुक कर देने वाले पलों में से एक बताया।

### 1.8 लाख किलोमीटर दूर पहुंचा कैप्सूल, एक फ्रेम में दिखी पूरी मानवता

नासा की अधिकारी लाकीशा हॉकिन्स ने इन तस्वीरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सोचकर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं कि इस एक तस्वीर में हमारे चार अंतरिक्ष यात्रियों को छोड़कर पूरी की पूरी मानवता समाई हुई है। उन्होंने बताया कि यह ऐतिहासिक मिशन पूरी तरह से सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। फिलहाल यह टीम पृथ्वी से करीब 1.8 लाख किलोमीटर दूर पहुंच चुकी है और तेजी से चांद की ओर बढ़ रही है। अभी इन यात्रियों को करीब 2.4 लाख किलोमीटर का सफर और तय करना है और अनुमान है कि वे सोमवार तक चांद की कक्षा के करीब पहुंच जाएंगे।

चांद पर नहीं उतरेंगे यात्री, परिक्रमा कर लेंगे सीधा यू-टर्न

आर्टेमिस-2 मिशन भविष्य की अंतरिक्ष उड़ानों के लिए कई मायनों में बेहद खास है। इस मिशन में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं, जो अपने ओरियन कैप्सूल में सवार होकर चांद के चारों ओर चक्कर लगाएंगे। हालांकि, इस मिशन में ये अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर कदम नहीं रखेंगे।

## आवाम के आगे झुकी शाहबाज सरकार, रातों-रात 80 रुपये सस्ता हुआ पेट्रोल, 30 दिन तक बस का सफर भी हुआ फ्री



इस्लामाबाद,( आरएनएस)। पाकिस्तान में आसमान छूती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी के खिलाफ सड़कों पर उतरी आवाम के आगे आखिरकार शाहबाज शरीफ सरकार को झुकना पड़ा है। भारी विरोध प्रदर्शनों और पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारों के बाद पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में 80 रुपये प्रति लीटर की भारी कटौती करने का ऐलान किया है। इस कटौती के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की नई कीमत 378 रुपये प्रति लीटर हो गई है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बताया कि यह राहत सरकार के पेट्रोलियम लेवी (टैक्स) में कटौती करके दी जा रही है। दिलचस्प बात यह है कि सरकार ने यह फैसला पेट्रोल की कीमतों में 42.7 प्रतिशत का भारी इजाफा करते हुए इसे 485 रुपये प्रति लीटर करने के ठीक एक दिन बाद लिया है। पहले सरकार ने इस बढ़ोतरी का ठीकरा मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष और वैश्विक बाजार में तेल की बढ़ती कीमतों पर फोड़ा था।

डीजल के मोर्चे पर जनता को नहीं मिली कोई राहत

टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पेट्रोल की कीमतों में की गई यह कटौती कम से कम एक महीने तक लागू रहेगी। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, वह चैन से नहीं बैठेंगे। हालांकि, पेट्रोल पर राहत देने वाली सरकार ने डीजल की कीमतों में कोई कटौती नहीं की है। हाल ही में 54.9 प्रतिशत की भारी वृद्धि के बाद पाकिस्तान में डीजल अभी भी 520 रुपये प्रति लीटर के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर बिक रहा है।भड़के लोगों को शांत करने के लिए 30 दिन फ्री बस सेवा का ऐलान

जनता के गुस्से को शांत करने के लिए पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नक़वी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने बताया कि शनिवार से इस्लामाबाद में सभी सार्वजनिक परिवहन (पब्लिक ट्रांसपोर्ट) अगले 30 दिनों के लिए आम जनता के लिए बिल्कुल मुफ्त कर दिए जाएंगे। सरकार के इस फैसले से सरकारी खजाने पर 350 मिलियन रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसी तर्ज पर पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ़ ने भी राज्य द्वारा संचालित सार्वजनिक परिवहन का किराया माफ़ कर दिया है और ट्रकों तथा बसों के लिए सब्सिडी की घोषणा की है। उन्होंने परिवहन संचालकों से अपील की कि वे बढ़ी हुई लागत का बोझ यात्रियों पर न डालें। इसके अलावा सिंध प्रांत में भी मोटरसाइकिल चालकों और छोटे किसानों के लिए विशेष सब्सिडी का ऐलान किया गया है।पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध के कारण होर्मुज स्ट्रेट से होने वाली ऊर्जा सप्लाई बुरी तरह बाधित हुई है, जिसका असर पाकिस्तान पर साफ दिख रहा है। ईंधन संकट से निपटने और तेल बचाने के लिए पाकिस्तानी सरकार ने कई आपातकालीन उपायों की घोषणा की है। इसके तहत कई सरकारी कार्यालयों में काम के दिन घटाकर हफ्ते में सिर्फ चार दिन कर दिए गए हैं। स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं और कुछ कक्षाओं को ऑनलाइन माध्यम से चलाने का आदेश दिया गया है। ऊर्जा संकट का यह असर केवल पाकिस्तान ही नहीं बल्कि बांग्लादेश जैसे अन्य एशियाई देशों में भी देखने को मिल रहा है, जहां हाल ही में एलपीजी और सीएनजी की कीमतों में 29 प्रतिशत का इजाफा किया गया है।

## नेता बन रहे पाकिस्तान को ईरान ने दिखाई हैसियत

### मध्यस्थता ठुकराई; ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस का अगला चरण शुरू

तेहरान( आरएनएस)। ईरान ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान की कोशिश को सिरे से खारिज कर दिया है। तेहरान ने साफ कर दिया है कि वह पाकिस्तान में संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले किसी भी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात नहीं करेगा। साथ ही, ईरान ने अमेरिकी मांगों को अस्वीकार्य बताते हुए संकट के जल्द समाधान की संभावनाओं को भी कमजोर बताया है।

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने खुद को एक संभावित मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश की थी और दावा किया था कि वह ईरान और अमेरिका दोनों से संवाद स्थापित कर सकता है। हालांकि, ईरान और पाकिस्तान के बीच मौजूद गहरे अविश्वास के कारण तेहरान इस्लामाबाद को किसी भी बातचीत में भूमिका देने के पक्ष में नहीं है। इससे पाकिस्तान की कूटनीतिक पहल को बड़ा झटका लगा है। इस बीच, एक सीमित सकारात्मक संकेत भी सामने आया है। रिपोर्टों के मुताबिक, ईरान क्षेत्र के एक अन्य अहम खिलाड़ी कतर के जरिए संभावित मध्यस्थता पर विचार कर सकता है।

# सेवा ही साधना: नर्मदा तट पर जागृत हुआ जनचेतना का दीप

## संत दादा गुरु और प्रहलाद पटेल ने किया स्वच्छता एवं संगम का निरीक्षण





सीहोर (निप्र.)। बुधनी की पावन धरा पर स्थित गुंजारी नर्मदा संगम घाट आज पुन: उस दिव्य अनुभूति का साक्षी बना, जहां श्रद्धा और सेवा एकाकार होकर जनचेतना का नया इतिहास रचती दिखाई दी। मां नर्मदा की शांत, कल-कल बहती धारा के सान्निध्य में जब जनप्रतिनिधि, संत और आमजन एक साथ श्रमदान में जुटे, तो वह दृश्य केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक जागरण का सजीव प्रतीक बन गया। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के माननीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का यह पुन: आगमन केवल औपचारिक निरीक्षण तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने स्वयं श्रमदान कर यह स्पष्ट किया कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो अपने आचरण से प्रेरणा देता है। उनके द्वारा किया गया श्रमदान जनसामान्य के लिए एक सशक्त संदेश बनकर उभरा। इस पावन अवसर पर नर्मदा परिक्रमा के तपस्वी, पूज्य दादा गुरु जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। चार बार नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर चुके और केवल नर्मदा जल का सेवन करने वाले संत का संगम पर आगमन मानो स्वयं मां नर्मदा का आशीर्वाद प्रतीत हुआ। दादा गुरु जी महाराज ने संगम के समग्र विकास पर अपने विचार व्यक्त करते हुए इसे केवल एक भौतिक स्थल नहीं, बल्कि साधना, आत्मशुद्धि और आंतरिक जागरण का केंद्र बताया। उन्होंने कहा कि नदियां केवल जलधाराएं नहीं, बल्कि जीवन की आधारशिला हैं, जिनकी पवित्रता बनाए रखना हम सभी का धर्म है। साथ ही उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं जनभागीदारी के संयुक्त प्रयासों से इस प्राचीन धरोहर को पुनर्जीवित किया जा रहा है, जो वर्षों से उपेक्षित एवं आच्छादित रही थी। आज उसी प्राचीन घाट पर जिस प्रकार स्वच्छता और विकास के कार्य गति पकड़ रहे हैं, वह वास्तव में अनुकरणीय है और अन्य स्थानों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। मंत्री श्री पटेल ने भी स्पष्ट रूप से कहा कि नदियों का संरक्षण केवल शासन का दायित्व नहीं, बल्कि समाज की सामू चेतना का दर्पण है। उन्होंने स्वच्छता को अभियान से आगे बढ़ाकर जीवन का संस्कार बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उनके अनुसार, जब प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों को व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करेगा, तभी स्थायी परिवर्तन संभव हो सकेगा।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026

### केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करता है भाजपा कार्यकर्ता -विधायक सुदेश राय

सीहोर (निप्र.)। शहर के भाजपा नगर मंडल सीहोर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का आयोजन शहर स्थित क्रिसेंट रिसोर्ट में किया गया। इस मौके पर सात चरण में प्रशिक्षण अभियान संपन्न किया गया। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल एक के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति और भाजपा नगर मंडल दो के अध्यक्ष सुशील ताम्रकार ने भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा का स्वागत संगठन के अंगवस्त्र पहनाकर किया। प्रशिक्षण वर्ग के शुरुआत में पंडित दीनदयाल जी, श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान सभी पदाधिकारि एवं कार्यकर्ताओ ने डिजिटल पंजीयनकरण के माध्यम से अपना पंजीयन किया। जिसमें भाजपा के दोनों मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।प्रशिक्षण सत्र में केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनहित की योजनाएं विधायक सुदेश राय, कार्य विस्तार भाजपा नेता रमाकांत समाधिया, बूथ प्रबंधन एवं मन की बात कल्याण सिंह ठाकुर, कार्य पद्धति धरम सिंह आर्य, भाजपा का इतिहास रघुनाथ सिंह भाटी, सोशल मीडिया, एआई नमो एप और सरल एप आदि की जानकारी आनंद पटेल, वैचारिक अधिष्ठान वैचारिक आधार मारुति शिशिर आदि ने जानकारी।

# लाखों श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र बनने जा रहा है सीहोर का केदारनाथ मंदिर



सीहोर (निप्र.)। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम सीहोर परिसर में निर्माणाधीन नवीन श्री केदारनाथ मंदिर परिसर में शनिवार को जल व्यवस्था का शुभारंभ किया गया, जिसे मंदिर निर्माण शिखर निर्माण में आवश्यक जल की संपूर्ण व्यवस्था की जा सके साथ में मंदिर परिसर में आ रहे श्रद्धालुओं को पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने कहा कि जब-भी केदारनाथ धाम एवं पूज्य गुरुदेव मोहितराम पाठक का आदेश होगा मैं और मेरा संपूर्ण परिवार एवं नगर पालिका सनातन धर्म एवं श्रद्धालुओं की सेवा में उपस्थिति रहेगी। पवित्र अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी विवेक कुमार रूठिया ने मानक चंद रूठिया की स्मृति में आश्रम परिसर में उपस्थित सत्संग हॉल के मुख द्वारा का निर्माण कराया, श्री रूठिया ने कहां की जब भी आश्रम एवं केदारनाथ धाम परिसर में रूठिया परिवार की आवश्यकता होगी सदेव सेवा में उपस्थित रहेंगे। इस पावन अवसर सभी ने पूज्य गुरुदेव कथा व्यास परम गौभक्त राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक आशीर्वाद प्राप्त किया नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस जी राठौर वरिष्ठ समाज सेवी विवेक कुमार रूठिया एवं आश्रम परिवार ने उपस्थित होकर भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। यह कार्य न केवल मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी एक सराहनीय प्रयास है।

आज किसी आयोजन में नरेंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा, अतुल शर्मा, रामबाबू सक्सेना बृजेश जी पाराशरश्रीमती प्रेमलता जी राठौर श्रीमती कमलेश मैया खत्रीश्रीमती शर्मा भाभी शैलेश चंदेल जितेन्द्र जी परमारश्री लक्ष्मण सिंह जी चौकसेश्री नितिन जी उपाध्याय श्रीबसंत जी कुशवाह सचिन जी ठाकुरश्री मनोहर जी जायसवाल पंडित ऋतिक जी शुक्ला एवं बड़ी संख्या में आश्रम परिवार उपस्थित रहा।

# नौ अप्रैल से शहर में आयोजित होगी नौ दिवसीय भव्य संगीतमय श्रीराम कथा

सीहोर (निप्र.)। हर साल की तरह इस साल भी नौ अप्रैल से शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में समिति के द्वारा नौ दिवसीय भव्य संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर समिति के द्वारा तैयारियां की जा रही है। वहीं कथा का प्रथम आमंत्रण भगवान गणेश को समर्पित करते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर वितरण करते हुए क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति ने बताया कि आगामी नौ अप्रैल से शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी में लगातार पंचम वर्ष भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के कृपापात्र शिष्य श्री-श्री 108 महंत उद्धवदास महाराज के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। समिति ने बताया कि गत दिनों श्री हनुमान के प्रकटोत्सव के पावन पर्व पर अखंड रामायण पाठ, हनुमान जी का अभिषेक और हवन महाआरती की गई थी। अब नौ अप्रैल से श्रीराम कथा आगामी 17 अप्रैल तक जारी रहेगी। रात्रि आठ बजे से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की है।

# अधिकारियों के दलों ने जिले के 212 गोदामों का किया निरीक्षण

सीहोर (निप्र.)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार अधिकारियों के जांच दलों ने जिले के 212 गोदामों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गोदामों स्टॉक का सत्यापन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि रबी उपार्जन वर्ष अंतर्गत अन्य जिलों में खरीदी के लिए निर्धारित गोदामों पर खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व एवं बिना स्लॉट बुकिंग के गेहूं भंडारित करने का प्रकरण प्रकाश में आया है। इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले में गेहूं खरीदी के लिए निर्धारित गोदामों में इस वर्ष की खरीदी से पहले गेहूं के भण्डारण का भौतिक सत्यापन करने के लिए तहसीलवार एवं गोदामवार अधिकारियों के जांच दल बनाए गए थे।

# भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के लिए यज्ञ शाला का निर्माण अंतिम चरणों में

## 19 अप्रैल से भव्य रूप से किया जाएगा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव और श्रीराम कथा

सीहोर (निप्र.)। शहर के बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर समिति एवं समस्त क्षेत्रवासी के तत्वाधान में बालाजी की तर्ज पर निर्मित हनुमान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। नवनिर्मित मंदिर परिसर में यज्ञ संचालक धर्म रक्षक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे बाबा और मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राठौर, मंदिर के पुजारी अनिल शर्मा के अलावा सभी क्षेत्रवासियों ने यहां पर आगामी दिनों में होने वाले दिव्य अनुष्ठानों से को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आमंत्रण प्रदान कर रहे है। वहीं भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ को लेकर भव्य यज्ञशाला का निर्माण जयंती कालोनी में किया जा रहा है। इस मौके पर यज्ञ संचालक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में मेहंदीपुर बालाजी की तर्ज पर हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा स्थापित है, जो स्थानीय भक्तों के लिए अटूट आस्था का केंद्र है। इस मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना और प्रसादी का वितरण आयोजित होते हैं।



यज्ञ संरक्षक पंडित श्री कटारे और समिति के अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि मेहंदीपुर बालाजी मंदिर भगवान हनुमान हिंदू देवता जिन्हें संकट मोचन माना जाता इसी का रूप अब करोड़ों रुपए की लागत से शहर के बस स्टैंड पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर प्रसिद्ध होने जा रहा है। करीब पांच करोड़ से बनाए जाने वाले हनुमान मंदिर में 2026 में राजस्थान से लाखों रुपए से मंगाई गई जहां पर हनुमान जी के साथ ही भगवान राम दरबार, भगवान शिव-नंदी और सप्तऋषियों की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा।

# टीइटी परीक्षा के विरोध में अध्यापक संयुक्त मोर्चा की बैठक संपन्न, आंदोलन की रूपरेखा तय

सीहोर (निप्र.)। शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीइटी) को अनिवार्य किए जाने के विरोध में अध्यापक संयुक्त मोर्चा, जिला सीहोर (मध्यप्रदेश) की एक महत्वपूर्ण बैठक आज आवासीय विद्यालय परिसर, भोपाल नाका, सीहोर में संपन्न हुई। बैठक में जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी एवं शिक्षक साथी उपस्थित रहे।बैठक में शिक्षकों की एक सूत्रीय मांग टीइटी परीक्षा का विरोध विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के लिए इस प्रकार की परीक्षा अनिवार्य करना न्यायसंगत नहीं है। इससे शिक्षकों में असंतोष का माहौल है और सभी शिक्षक इस निर्णय के खिलाफ एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं।

# भेरुंदा में सनसनीखेज वारदात का हुआ खुलासा

## अवैध संबंधों के चलते महिला ने परिवार संग रची हत्या की साजिश, 5 गिरफ्तार




भेरूंदा (निप्र.)। पुलिस ने कार में मिले एक अधेड़ व्यक्ति के शव के मामले का दो दिन में खुलासा करते हुए चार और एक पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, यह हत्या अवैध संबंधों के चलते सुनियोजित तरीके से की गई थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब 8 बजे मंडीदीप के वार्ड 10 स्थित कंटेनर डिपो से स्टेशन जाने वाले मार्ग पर एक कार में शव मिलने की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान भोपाल के नेहरू नगर निवासी 50 वर्षीय संतोष शर्मा के रूप में हुई। जिस कार में शव मिला, वह भी मृतक के नाम पर पंजीकृत थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक के रजनी उइके नामक महिला से अवैध संबंध थे। पुलिस के अनुसार, मृतक द्वारा महिला को लगातार परेशान किए जाने से नाराज होकर महिला ने अपने पति, बेटी और बहनोई के साथ

भोपाल के नेहरू नगर निवासी संतोष शर्मा का शव मंडीदीप स्थित कंटेनर डिपो के पास संदिग्ध अवस्था में पाया गया था।

### मिलकर हत्या की साजिश रची

घटना 30 मार्च की बताई जा रही है। आरोपितों ने संतोष शर्मा को नसरुल्लागंज के भदाकुई थाना क्षेत्र में बुलाया, जहां चारों ने मिलकर उसकी पिटाई की और हत्या कर दी। इसके बाद शव को कार में रखकर मंडीदीप लाकर छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी के अनुसार, मामले में शून्य पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के आधार पर आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। फिलहाल सभी आरोपितों को नसरुल्लागंज पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। न्यायालय में पेश किया।

# आज पॉवर पम्प के साथ 15 ग्राम पंचायतों को विधायक सुदेश राय प्रदान करेंगे फाईटर टेंकर

सीहोर (निप्र.)। आज रविवार सुबह विधायक कार्यालय परिसर में फाइटर टेंकर वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। विधायक विकास निधि से स्वीकृत पेयजल फाइटर टेंकरों का वितरण विधायक सुदेश राय के द्वारा किया जाएगा। नि:शुल्क पेयजल सप्लाई और आग बुझाने में उपयोगी फाइटर टेंकरों को क्षेत्र की 15 ग्राम पंचायतों के लिए भेजा जाएगा। फाइटर टेंकरों को प्राप्त करने के लिए ग्राम पंचायतों के पंच सरपंच सचिव एवं ग्रामीणजन कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। विधायक सुदेश राय ने बताया कि केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान,मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सासंद आलोक शर्मा, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के जनहितैशी प्रयासों से विधायक विकास निधि से विधानसभा क्षेत्र जनपद पंचायत सीहोर अन्तर्गत ग्राम पंचायत चांदबड जागीर,छतरपुरा, पीलूखेड़ी, घाटपलासी, कचनारिया, मानपुरा, मगरदा, सुआखेड़ी, पडियाला,बमूलिया दोराहा, बरी, नाईहेडी,बराड़ीकलां,जमोनिया तालाब और ग्राम पंचायत सेमरादांगी को नि:शुल्क पेयजल के लिए एचडीपीई लाईंड जी.आई. वाटर टेंकर क्षमता 5500 लीटर 6 टायर विथ पॉवर पम्प सहित निर्माण एजेंसी एम.पी. स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज से क्रय प्रदान किए जाएंगे।

# शहर के बीएसआई मैदान पर स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने किया शुभारंभ



### प्रतियोगिता के शुभारंभ मैच में यंग स्टार सीहोर की टीम ने भोपाल लालघाटी को एक रन से हराया

सीहोर (निप्र.)। शहर के बीएसआई मैदान पर शनिवार से आरंभ सीएम स्पोटर्स और डीसीए के संयुक्त तत्वाधान में स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच यंग स्टार सीहोर और सनराइज लालघाटी भोपाल के मध्य रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ। इस मुकाबले में यंग स्टार की टीम एक रन से जीती, इसके अलावा दूसरा मैच अलअहमद सीनियर क्रिकेट टीम और रेहटी के मध्य खेला गया। जिसमें अलअहमद की टीम 11 रन से विजय रही। मैच का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने किया। इस मौके पर आयोजनकर्ता सीएम स्पोटर्स के संचालक सीनियर कोच चेतन मेवाड़ा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, आशीष शर्मा, अतुल कुशवाहा, गौरव पिचोनिया ने भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा और भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष समीर मेवाड़ा का स्वागत किया। रविवार को दो मैच खेले जाऐंगे। पहले बल्लेबाजी करने उतरी यंग स्टार सीहोर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 173 रन बनाए थे। इसमें नीरज मेहरा ने 73 रन, नदीम खान ने 28 रन, शहीद ने 21 रन, प्रतीक ने 14 रन की पारी खेली। इधर सनराइज लालघाटी ने गेंदबाजी करते हुए संतोष जायसवाल, शमशुद्दीन, रुपेश, नीलम और रविन्द्र ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइज लालघाटी भोपाल की टीम 172 रन पर आल आउट हो गई। इसमें सूरज यादव ने 10 रन, हेमंत ने 64 रन, शमशुद्दीन ने 34 रन, संतोष जायसवाल ने 21 रन की पारी खेली।

# जहर खाकर ड्रामा करने वाले व्यक्ति ने किया राजीनामा

भेरूंदा (संजय कलमोर)।थाना भैरुंदा अंतर्गत दिनांक 02.04.26 को अशोक राठौर पिता हरिप्रसाद राठौर उम्र 52 वर्ष निवासी तलाई मोहल्ला भैरुदां जिला सीहोर के द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर स्वयं का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था जिसमें आवेदक अशोक राठोर द्वारा अरविंद राठोर, अर्जुन राठोर व रमेश राठोर पर सूदखोरी के आरोप लगाये थे।

जहरीला पदार्थ खाने से मजरुब अशोक राठौर को सिविल अस्पताल भैरुदां से जिला अस्पताल सीहोर रेफर किया गया। वर्तमान में अशोक राठौर स्वस्थ है व हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद पीएमएलसी जांच के दौरान आज दिनांक 04.04.26 को कथन लेखबद्द किये गये। आवेदक अशोक राठौर अनावेदक रमेश राठौर आपस में रिश्तेदार है। रिश्ते में रमेश राठौर आवेदक अशोक राठौर का सगा मामा है व अन्य अनावेदक अरविन्द और अर्जुन,रमेश राठौर के बेटे है । आवेदक अशोक ने अपने कथन में लेख कराया कि उसने अपने घरेलु कामकाज के लिये 40000/- रुपये उधार अपने मामा के बेटे अरविंद राठौर से लेना बताया। अशोक की उसके मामा के लड़के अरविंद राठौर , अर्जुन राठौर व उसके मामा रमेशचन्द्र राठौर से कहासूनी हो गई थी जिस कारण उसने ऐसा कदम उठाया एवं मामले में किसी भी प्रकार कि कोई कानूनी कार्यवाही नही चाहने की बात लेख कराई है।

# कान फोड़ तेज आवाज को करेंगे कंट्रोल डीजे बजाने का भी तय होगा शहर में फिक्स टाइम

## राठौर धर्मशाला में हिंदू उत्सव समिति के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया



सीहोर(निप्र.)। डीजे की कान फोड़ तेज आवाज को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और हिंदू उत्सव समिति प्रशासन और डीजे डायरेक्टर एसोसिएशन संयुक्त रूप से कंट्रोल करेगा। शहर में डीजे बजाने की टाइम लिमिट भी फिक्स रहेगी। समाजसेवी संगठनों और शासन प्रशासन के नियम कानून का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालक पर डीजे डायरेक्टर एसोसिएशन ही जुर्माना कार्यवाही करेगा। शहर में गूंजती डीजे की खतरनाक आवाज और समाज में फैलती फुहड़ता सहित शासन प्रशासन के निर्देश और डीजे संचालको के रोजगार कानूनी दिक्कत एवं जनता की परेशानियों को लेकर शनिवार को राठौर धर्मशाला में हिंदू उत्सव समिति के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी सुनील कुमार शर्मा हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र राठौर, समाजसेवी यज्ञदत्त शर्मा, तहसीलदार अमित सिंह, कोतवाली से एस आई विक्रम आदर्श, डीजे डायरेक्टर एसोसिएशन अध्यक्ष अंकित राठौर शाहिद बड़ी संख्या में शहर के डीजे संचालक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डीजे संचालको ने अपनी अपनी परेशानियों से प्रशासनिक अधिकारियों और समाजसेवी हिंदू संगठन के पदाधिकारी को अवगत कराया। तहसीलदार अमित सिंह और एस आई विक्रम आदर्श ने हाई कोर्ट के निर्देशों की जानकारी दी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांत पदाधिकारी सुनील कुमार शर्मा और हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र राठौर ने तेज आवाज में बजने वाले डीजे से होने वाली परेशानियां और सामाजिक गिरावट के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और डीजे संचालकों से टाइम लिमिट में धीमी आवाज में डीजे बजाने का आग्रह किया।

# दूसरे दिन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ हुआ जलकुंभी निकालने का काम

### मजदूरों ने कहा कि यह हमारी माँ के समान है सीवन दिल से काम करेंगे

सीहोर। हनुमान फाटक धाम स्थित सीवन नदी में इस समय बहुत ही जोरदार तरीके से जलकुंभी निकालो अभियान के तहत जलकुंभी मजदूरों एवं सीवन पुत्र टीम द्वारा निकलवाई जा रही है। आज तीसरे दिन जैसे ही शुरू जलकुंभी अभियान हुआ मजदूर भाई पूरे उत्साह के साथ सीवन नदी में उतरे और देखते ही देखते मात्र कुछ ही क्षणों में दो ट्राली के लगभग जलकुंभी निकाली ।



जलकुंभी किस प्रकार से निकले इसकी भी सलाह अनुभवी राजकुमार सोनी भूरा भैया का विशेष योगदान रहा उन्होंने मजदूरों को मार्गदर्शन दिया।आज लगभग 7 से 8 ट्रॉली जलकुंभी को सीवन नदी से बाहर निकल गया, जब सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने मजदूरों से सीवन में दिए जा रहा है योगदान के बारे में पूछा तो उन्होंने जवाब दिया कि जिस तरह मां की सेवा हम करते हैं उसी तरह का अनुभव हमें हो रहा है और हम दिल से यह काम करेंगे यह बातें सुनकर हमारा मनोबल भी बहुत ज्यादा बढ़ गया।इस अवसर पर जीवन पुत्र मुकेश राय सुबह से लेकर शाम इस अभियान में लगे रहे और साथ में प्रकाश यादव, कैलाश चव्हाण ,राजकुमार सोनी भूरा भैया का विशेष योगदान रहामजदूरों का आज जो सम्मान किया गया उसके लिए मुख्य अतिथि के रूप में अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रदीप सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे उन्होंने सीवन को लेकर प्रकाश डाला और सीवन पुत्र-पुत्री अभियान की प्रशंसा की,सभी मजदूर भाइयों का फूलों की मालाओं तथा श्री राम जी के दुपट्टों से सम्मान किया गया ।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com